RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 पैपराजी कल्चर पर भड़कीं..

वर्ष : 27 | अंक : 194 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 04 जुलाई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# विकसित भारत की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं किसान : मुख्यमंत्री

## लखनऊ में आम महोत्सव का शुभारंभ, लंदन और दुबई भेजे गए आम






**लखनऊ ( एजेंसी )।** लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारंभ आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस महोत्सव में आम की 800 प्रजातियों को देखने और चखने का अवसर लोगों को मिलेगा। इस मौके पर सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर आम के कंटेनर लंदन और दुबई के लिए रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने किसानों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजन के अनुरूप हमारा किसान आज कृषि की उन्नत तकनीकों को अपना कर लाभ कमा रहा है। आम महोत्सव सिर्फ महोत्सव नहीं है। यह तकनीक के विकास का माध्यम बन रहा है। डबल इंजन की सरकार ने चार पैक हाउस बनाए हैं। इससे निर्यात बढ़ रहा है। औद्यानिक फसलों से जुड़े बागवान को एक्सपोर्ट के लिए प्रशिक्षित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का आम विदेश भेजा जा रहा है। भविष्य में इसकी संख्या बढ़ाई जाएगी। उत्तर प्रदेश में 25 से 30 फीसदी जीडीपी कृषि की है। इसे बढ़ा रहे हैं। विकसित भारत की संकल्पना आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में जल परियोजनाएं आई। जल की समस्या का समाधान हुआ है। वहां पैदावार बढ़ी है। बहुफसली खेती हो रही है। आलू के बाद मक्का की खेती हो रही है। एक एकड़ मक्का में एक लाख का मुनाफा हो रहा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित कर रहे हैं। सभी मिलकर खेती और अन्नदाता को आगे बढ़ा रहे हैं। मेडिसिन प्लांट भी लग रहे हैं। इससे आर्थिक समृद्धि आएगी। उन्हांने कहा कि हमें ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना होगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# पीएम मोदी का एयरपोर्ट पर पूरी कैबिनेट ने किया स्वागत



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय कैरिबियाई देश त्रिनिदाद एवं टोबैगो के दो दिवसीय दौरे पर हैं। यह उनकी पांच देशों की यात्रा का दूसरा चरण है। यहां राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन के पियार्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्हें यहां गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

त्रिनिदाद एवं टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद बिसेसर ने अपनी पूरी कैबिनेट के साथ एयरपोर्ट पर पीएम मोदी का स्वागत किया। इस दौरान उनकी कैबिनेट के 38 मंत्री और चार सांसद मौजूद थे। खुद पीएम कमला ने पारंपरिक भारतीय परिधान साड़ी पहनी थी। उनके साथ कई मंत्री और सांसद भी भारतीय परिधानों में नजर आएए जो दोनों देशों के सांस्कृतिक जुड़ाव को दर्शाता है।

पीएम मोदी के स्वागत समारोह में भारतीय संस्कृति की छठा बखूबी दिखाई दी। वहां के भारतीय समुदाय ने तिरंगा झंडा लहराकर और पारंपरिक लोकगीत गाकर पीएम मोदी का स्वागत किया। यह सांस्कृतिक प्रदर्शन दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया है 'प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर द्वारा आयोजित रात्रिभोज में सोहारी पत्ते पर भोजन परोसा गया, जिसका त्रिनिदाद और टोबैगो के लोगों, विशेषकर भारतीय मूल के लोगों के लिए बहुत सांस्कृतिक महत्व है। यहां, त्यौहारों और अन्य विशेष कार्यक्रमों के दौरान अक्सर इस पत्ते पर भोजन परोसा जाता है।'

## एटीएम बूथ पर कार्ड बदला, निकाली नगदी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के सुत्याना में एटीएम बूथ से पैसे निकालने गए एक व्यक्ति का जालसाजो ने एटीएम कार्ड बदल दिया। बदले गए एटीएम कार्ड से जालसाजो ने 180000 निकाल लिए। सुत्याना गांव में रहने वाले योगेंद्र कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सुत्याना गांव में ही बने एटीएम बूथ से पैसे निकालने गया था एटीएम बूथ पर मौजूद दो लोगों ने उसे मदद करने के बहाने बातों में उलझा लिया और उसका एटीएम कार्ड बदल दिया पैसे ना निकलने पर वह वापस अपने घर आ गए कुछ देर बाद उनके मोबाइल फोन पर खाते से 180000 निकालने का मैसेज आया। उन्होंने इसकी जानकारी तुरंत बैंक और पुलिस को दी। पीड़ित के मुताबिक उसने बैंक से बात कर एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी निकलवाई। इस फुटेज में दोनों आरोपी नजर आ रहे हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगी जालसाज ऑफिस बंद करके भागे

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का एक मामला सामने आया है। जालसाजों ने राजस्थान के एक व्यक्ति को ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसा लिया और उससे 8 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित ने इस संबंध में थाना फेज वन में एफआईआर दर्ज कराई है।

राजस्थान के जिला बालोतरा निवासी आम्ब सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताएं कि वह विदेश में नौकरी पाने के प्रयास में था। इसलिए उसने विदेश भेजने वाली कई कंपनियों को सर्च किया। मार्च महीने में उसके पास अमाया नाम की लड़की का फोन आया और उसने कहा कि वह नोएडा की एक कंपनी से बात कर रही है। युवती ने उसे काम के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए तमाम व्यवस्था करने का आश्वासन दिया और उसे नोएडा आने को कहा।

19 मार्च को वह अपने घर से नोएडा आया। नोएडा के सेक्टर 15 मेट्रो स्टेशन पर उसे दीपक सिंह नाम का व्यक्ति मिला जो उसे सेक्टर 4 स्थित एक कंपनी की तीसरी मंजिल पर ले गया। कंपनी में मौजूद लोगों ने उससे बायोडाटा व ओरिजिनल पासपोर्ट जमा कर लिया। कुछ दिनों बाद उसकी ईमेल आईडी पर बैंक खाता की डिटेल भेज कर उसमें 825000 जमा करने को कहा। उसने दीपक सिंह नाम के व्यक्ति के खाते में फोनपे के द्वारा ऑनलाइन 825000 भेज दिए। उसके बाद उसके व्हाट्सएप नंबर पर ऑस्ट्रेलिया जाने की एयर टिकट व वीजा प्राप्त हुआ 19 अप्रैल को वह टिकट और वीजा लेकर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## नोएडा प्राधिकरण पहुंचे औद्योगिक विकास मंत्री




**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने नोएडा प्राधिकरण का दौरा किया। आज करीब 11.00 बजे वे सेक्टर 6 स्थित नोएडा प्राधिकरण पहुंचे जहां पर प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम एवं अन्य शीर्ष अफसरों तथा एनईएके अध्यक्ष चौधरी राजकुमार ने उनका स्वागत किया। इसके बाद नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में मंत्री नंद गोपाल नंदी ने सभी अफसरों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की द्य बैठक में श्री नंदी (शेष पृष्ठ-4 पर)



## टीचर को सोशल मीडिया पर किया बदनाम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एक नामी शिक्षण संस्थान में कार्यरत अध्यापिका के व्हाट्सएप ऐप प्रोफाइल फोटो को एडिट कर शरारती तत्वों ने उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। परेशान अध्यापिका ने थाना दादरी में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दादरी के एक नामी शिक्षण संस्थान में पिछले 13 वर्षों से अध्यापिका के पद पर कार्यरत कामिनी (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि फरवरी माह में किसी अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर ग्रुप बनाया इस ग्रुप में उसके व्हाट्सएप ऐप प्रोफाइल फोटो को एडिट करके किसी अन्य व्यक्ति के साथ अनुचित रूप में वीडियो बना ली। इस एडिट वीडियो को पब्लिक ऐप पर अपलोड किया गया। उसे जब इस बात की जानकारी मिली तो उसने अपने स्तर पर उक्त व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन को सफलता नहीं मिली पीड़िता के मुताबिक (शेष पृष्ठ-4 पर)

## आईटी कंपनी के सीईओ के साथ मारपीट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 में एक आईटी कंपनी के सीईओ ने कुछ लोगों के खिलाफ मारपीट करने तथा जान से मारने का प्रयास करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। यह मुकदमा न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है। मयूर विहार फेस-3 दिल्ली निवासी विशेष नागर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर 4 स्थित टेक जीरो सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का सीईओ है उनकी कंपनी आईटी कंपनी है जिसका काम वेब डिजाइनिंग करना है।उसकी कंपनी में कार्यरत कर्मचारी नैंसी हेराल्ड ने मार्च माह में उसकी कंपनी से रिजाइन कर दिया था।25 मई की शाम को उसकी महिला मित्र नैंसी का मैसेज आया कि आज मिलकर पार्टी करते हैं इसके बाद में रात 9 बजे अपनी महिला मित्र के घर पहुंचा और वहां से वह लोग घूमने चले गए। घूमने के पश्चात रात्रि करीब 12:30 बजे वह उसे उसके सेक्टर-23 स्थित घर छोड़ने के लिए आया। इस दौरान व्यवसाय से संबंधित एक कॉल आने पर वह कार से बाहर खड़ा होकर बात करने लगा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर किशोरी को भगा ले गया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान से दो किशोरियों को युवक बहला फुसलाकर कर भगा ले गए। वहीं एक किशोर भी अपने घर से बिना बताए चला गया परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना बिसरख क्षेत्र के चिपियाना खुर्द में किराए पर रहने वाली प्रिया (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी 12 वर्षीय बेटी तीन जुलाई को घर से बिना बताए चली गई उसने जब अपनी बेटी की खोजबीन की तो पता चला कि उसकी बेटी को सुबोध नामक युवक भगाकर ले गया है। उनकी बेटी सुबोध से इंस्टाग्राम पर बात करती थी। वहीं थाना सेक्टर 142 में एक व्यक्ति ने अपनी (14 वर्षीय) बेटी को पड़ोस में रहने वाले भरत नामक युवक द्वारा भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित के मुताबिक भरत उनकी बेटी को पिछले तीन माह से (शेष पृष्ठ-4 पर)

## रोडरेज में दबंगों ने की मारपीट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में रोडरेज की दो घटनाएं हुई। दोनों ही घटनाओं में आरोपियों ने वाहन चालकों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ितों ने अलग-अलग थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-99 निवासी अनुपम मेहता ने थाना सेक्टर 20 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 1 जुलाई को अपने भाई अनुराग मेहता के साथ सेक्टर-15 से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन के नीचे पहुंचे तो पीछे से एक कार ने उनकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने पर वह नीचे उतरकर दूसरे कार के चालक के पास पहुंचे और उसे सही तरह से वाहन चलाने को कहा। इस बात को लेकर कार में बैठे दोनों युवक उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। इस दौरान युवकों ने अपनी गाड़ी से बेसबॉल का बैट निकाल लिया और उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद आरोपी अपनी गाड़ी में बैठकर फरार हो गए। पीड़ितों ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी और दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है। वहीं थाना ईकोटेक-3 में (शेष पृष्ठ-4 पर)

## केन्द्रीय मंत्री व सांसद ने किया आम महोत्सव का उद्घाटन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा में एक मीडिया हाउस में आम महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और गौतमबुद्धनगर के सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। महोत्सव में विभिन्न तरह के आमों की प्रदर्शनी लगाई गई। लोगों ने तरह तरह के आमों का स्वाद लिया। केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने महोत्सव का आयोजन करने के लिए देश के वरिष्ठ पत्रकार जगदीश चंद्रा को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मौजूद नोएडा मीडिया क्लब के अध्यक्ष आलोक द्विवेदी ने केंद्रीय मंत्री मेघवाल का स्वागत किया। कार्यक्रम में उद्यमी पीयूष द्विवेदी और सांसद प्रतिनिधि संजय बाली की भी मौजूदगी रही।

## नोएडा स्टेडियम में जल्द बनेगा सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा स्टेडियम में शीघ्र ही सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रैक का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण 3 करोड़ रूपये की लागत से 300 मीटर ट्रैक का निर्माण कर रहा है।

प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इसके पूरा होने के बाद करीब 200 से अधिक नेशनल और इंटरनेशनल खिलाड़ियों को फायदा होगा। सिथेंटिक ट्रैक का इस्तेमाल 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और बाधा दौड़ समेत अन्य खेलों के लिए किया जा सकेगा। इसके बीच में खाली हिस्से पर लंबी कूद, ऊंची कूद, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, शॉटपुट, भाला फेंक और पोल वॉल्ट खेल का आयोजन हो सकता है। इसका काम तेजी से किया जा रहा है।

### दूधिया रोशनी से सराबोर होगा क्रिकेट स्टेडियम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-21ए क्रिकेट स्टेडियम में जल्द ही डे नाइट मुकाबले हो सकेंगे। स्टेडियम में फल्ड लाइट लगाई जाएंगी। इसके लिए नई कंपनी का चयन किया जाएगा। नई कंपनी करीब 15 सालों तक क्रिकेट स्टेडियम का संचालन करेगी। साथ ही पुरानी कंपनी द्वारा छोड़े गए अधूरे कार्यो को पूरा करेगी। जिसमें फल्ड लाइट, कुर्सी और ड्रेसिंग रूम के कार्य है। बता दे प्राधिकरण ने संचालन करने वाली पहली कंपनी फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को टर्मिनेट कर दिया है।

इसके लिए आरएफपी जारी की जाएगी। जिसमें हिस्सा लेने वाली कंपनियों में किसी एक कंपनी का चयन किया जाएगा। यहीं कंपनी क्रिकेट स्टेडियम का संचालन और अधूरे काम पूरे कराएगी। बता दे पुरानी कंपनी को स्टेडियम में फ्लड लाइट लगाने व दर्शक दीर्घा में कुर्सी लगाने के साथ दूसरी सुविधाएं विकसित करनी थी। इसके अलावा प्रतिमाह होने वाली एक लाख रुपये की आय को बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने थे। कोई बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन भी नहीं हो सका। लीज के तीन साल बीत जाने के बाद भी कंपनी ने इस दिशा में काम नहीं दिया।

## दौड़ती सड़कें

निस्संदेह, हाल के वर्षों में भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों व एक्सप्रेस-वे आदि का आशातीत विस्तार हुआ है। सड़कों के नेटवर्क सुधार से उपभोक्ताओं के समय व धन की बचत हुई है तो उद्योग-व्यापार को भी गति मिली है। लेकिन इससे जुड़ी तमाम विसंगतियां भी सामने आई हैं। सड़कों के त्रुटिपूर्ण डिजाइन व निर्माण में चूक को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। पिछले हफ्ते मध्यप्रदेश में लगातार 40 घंटे लगे जाम से जहां हजारों लोगों को घंटों परेशान होना पड़ा, वहीं जाम में फंसकर तीन लोगों की मौत हुई है। निश्चय ही यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसको लेकर शासन-प्रशासन के साथ ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानी एनएचएआई को गंभीरता से लेना चाहिए। उन तमाम आशंकाओं को टालना चाहिए जो भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति के कारक बन सकते हैं। बहरहाल, मध्यप्रदेश की घटना को लेकर एनएचएआई की आलोचना की जा रही है। इस घटना के बारे में एनएचएआई के एक अधिकारी की संवेदनहीन टिप्पणी को लेकर भी सवाल उठे हैं। यहां तक कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने भी एनएचएआई के रुख को कठोर और संवेदनहीन बताया है, जो जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करने वाला है। दरअसल, एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने एनएचएआई को दोषपूर्ण और देर से सड़क निर्माण के लिये फटकार लगायी है, जिसके कारण आगरा-मुबई राष्ट्रीय राजमार्ग के इंदौर-देवास खंड में जाम लग गया था। बताते हैं कि एनएचएआई के कानूनी सलाहकार ने इस बाबत संवेदनहीन टिप्पणी की कि लोग बिना किसी काम के घर से इतनी जल्दी क्यों निकलते हैं? इस टिप्पणी ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया। निश्चित रूप से इस दुर्घटना और हजारों लोगों के घंटों जाम में फंसे रहने के मामले में जहां एनएचएआई की तरफ से माफी मांगने की जरूरत थी, वहीं उसने दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिये दोष लोगों पर लगाते हुए असंवेदनशील बयान दे डाला। जिसके खिलाफ तल्ख प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक था। यही प्रतिक्रिया अदालत की टिप्पणी में भी झलकती है।

इसमें दो राय नहीं कि अकसर बड़ी सड़कों और राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण के दौरान अंतहीन असुविधा भारतीय यात्रियों के लिए रोजमर्रा के अनुभव हैं। अधिकांश साइटों पर निर्माण से जुड़ी, यात्रियों के अनुकूल सर्वोत्तम परंपराओं को अपनाना और यातायात में व्यवधान को कम से कम करना सुनिश्चित नहीं किया जाता है। निस्संदेह, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय संभाल रहे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सक्रियता व प्रतिबद्धता की अकसर सराहना होती रहती है। वे सड़कों की गुणवत्ता और सुरक्षा मापदंडों को बढ़ाने को लेकर लगातार अभियान चलाते भी रहते हैं। हालांकि, वे भी मानते रहे हैं कि अभी सुधार की काफी गुंजाइश है। निस्संदेह, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण निरंतर यातायात को सुगम मानकों के अनुरूप बनाने के लिये प्रयासरत रहता भी है। निश्चित रूप से स्थलों की स्थिति और भूमि अधिग्रहण के तमाम विवाद भी हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण काम राजमार्गों की व्यावहारिक दिक्कतों को दूर किया जाना होना चाहिए। दरअसल, योजनाओं का धरातल पर क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर निर्माण फर्मों और ठेकेदारों के माध्यम से किया जाता है। जिसमें व्यापक अनुभव, क्षमता और नैतिकता जैसे कारक मिलकर भूमिका निभाते हैं। निस्संदेह, काम की गुणवत्ता समस्याओं के समाधान में मददगार साबित हो सकती है। लेकिन जरूरी है कि इस काम में बाह्य हस्तक्षेप राजनीतिक व अन्य स्तर पर न हो। जैसा कि हिमाचल प्रदेश में एक मंत्री पर एनएचएआई के दो अधिकारियों के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। जिसको लेकर कई आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में भारत में सड़कों का नेटवर्क काफी सुधरा है। लेकिन एनएचएआई को अपनी कार्यशैली पर पुनर्विचार करना चाहिए। जिससे भविष्य में लंबे जाम लगने और दुर्घटनाओं को टाला जा सके। निस्संदेह, देश के शहरों में आए दिन जाम लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। शासन-प्रशासन को इसके तार्किक समाधान की दिशा में वैज्ञानिक तरीके से गंभीरता के साथ प्रयास करने चाहिए। जाम की सूचना मिलने पर उसे खुलवाने की तत्काल पहल होनी चाहिए। यात्रियों के लिये तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए ताकि भविष्य में जाम में फंसकर किसी की जान न जाए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि पराए धन और पराई स्त्री पर मन चलाने वाले, दुष्ट, चोर और जुआरी बहुत बढ़ गए। लोग माता-पिता और देवताओं को नहीं मानते थे और साधुओं ( की सेवा करना तो दूर रहा, उल्टे उन ) से सेवा करवाते थे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जिन्ह के यह आचरन भवानी। ते जानेहु निसिचर सब प्रानी॥**
**अतिसय देखि धर्म कै ग्लानी। परम सभीत धरा अकुलानी॥**

(श्री शिवजी कहते हैं कि-) हे भवानी! जिनके ऐसे आचरण हैं, उन सब प्राणियों को राक्षस ही समझना। इस प्रकार धर्म के प्रति (लोगों की) अतिशय ग्लानि (अरुचि, अनास्था) देखकर पृथ्वी अत्यन्त भयभीत एवं व्याकुल हो गई॥

**गिरि सरि सिंधु भार नहिं मोही। जस मोहि गरुअ एक परद्रोही।**
**सकल धर्म देखइ बिपरीता। कहि न सकइ रावन भय भीता॥**

(वह सोचने लगी कि) पर्वतों, नदियों और समुद्रों का बोझ मुझे इतना भारी नहीं जान पड़ता, जितना भारी मुझे एक परद्रोही (दूसरों का अनिष्ट करने वाला) लगता है। पृथ्वी सारे धर्मों को विपरीत देख रही है, पर रावण से भयभीत हुई वह कुछ बोल नहीं सकती॥

**धेनु रूप धरि हृदयँ बिचारी। गई तहाँ जहँ सुर मुनि झारी॥**
**निज संताप सुनाएसि रोई। काहू तें कछु काज न होई॥**

(अंत में) हृदय में सोच-विचारकर, गो का रूप धारण कर धरती वहाँ गई, जहाँ सब देवता और मुनि (छिपे) थे। पृथ्वी ने रोककर उनको अपना दुःख सुनाया, पर किसी से कुछ काम न बना॥

**( क्रमशः... )**

# क्या भारत ग्लोबल साउथ में अपनी खोई विरासत फिर हासिल कर पाएगा?

ऑपरेशन सिंदूर' के बाद तमाम सवालों से घिरे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब घाना की धरती पर उतरे, तो उनके कदमों में 75 साल की उम्र की थकान और हार न मानने की जिद एकसाथ झलक रही थी। अक्रा के हवाई अड्डे पर, हल्के नीले नेहरू जैकेट में सजे मोदी का चेहरा तनाव और सुकून के मिश्रित भाव लिए था। शायद यह नेहरू जैकेट सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि उस नेहरू की याद का प्रतीक था, जिन्होंने कभी घाना की जनता को आजादी और ग्लोबल साउथ की एकजुटता का सपना दिखाया था। घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामाहा ने उनका स्वागत किया, लेकिन हवा में सवाल गूँज रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर की आधी-अधूरी कहानी, अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया है, और हालिया भारत-पाक तनाव में चीन की सैन्य मदद ने ग्लोबल साउथ में भारत की साख को दांव पर ला दिया है।

क्या यह घाना, जो कभी गांधी और नेहरू की अहिंसा व साझेदारी से प्रेरित था, मोदी के नेतृत्व में भारत के ग्लोबल साउथ के सपने को नया जीवन दे पाएगा? क्या यह यात्रा, गंभीर सवालों से जूझ रही विदेश नीति को पुनर्परिभाषित करने की बजाय, एक और कूटनीतिक शो बनकर रह जाएगी?

पिछले महीने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारत ने सीमित सैन्य कार्रवाई की। सेना निर्णायक कदम के लिए तैयार थी, मगर आखिरी पल में राजनीतिक नेतृत्व ने कदम पीछे खींच लिए। इंडोनेशिया में तैनात नौसेना अधिकारी कैप्टन शिव कुमार ने खुलासा किया, हम तैयार थे, लेकिन रणनीति में स्पष्टता की कमी ने हमें रोका। इस खुलासे ने देश में हलचल मचा दी। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्त कूटनीति पर सवाल उठाए। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने तंज कसा, मोदी सरकार की विदेश नीति अब फोटो सेशन और खोखली घोषणाओं तक सिमट गई है। नीतिगत दृढ़ता गायब है। पर्दे के पीछे, चीन की भूमिका ने आग में घी डाला। हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं।

इस तूफानी माहौल में मोदी अक्रा पहुंचे। घाना की संसद में उनका स्वागत पारंपरिक ढोल की थाप और स्थानीय गीतों ने किया। मोदी ने ट्वीट किया, अक्रा पहुंचना सम्मान की बात है। राष्ट्रपति महामाहा का स्वागत हमारे पुराने, भरोसेमंद रिश्तों का प्रतीक है। हम भारत-घाना संबंधों को नई ऊँचाइयों पर ले जाएंगे।

लेकिन सवाल वही है—क्या यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की चूक, अमेरिका पर निर्भरता,



और चीन की बढ़ती चुनौती को पार कर भारत की साख सुधारेगी? या यह सिर्फ एक और कूटनीतिक चमक-दमक बनकर रह जाएगी?

अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और बॉलीवुड गानों की गूँज घाना को भारत से जोड़े रखती है। यह रिश्ता कागजी कूटनीति से कहीं गहरा है—यह साझा संघर्ष और सपनों की कहानी है। 1950 के दशक में घाना के पहले राष्ट्रपति क्वामे एनक्रूमा भारत आए। गांधी की अहिंसा और नेहरू की 'ग्लोबल साउथ' की सोच ने उन्हें इतना प्रभावित किया कि उन्होंने घाना की आजादी की लड़ाई को नई दिशा दी। 1957 में घाना के आजाद होने पर भारत ने वहाँ अपना पहला दूतावास खोला।

एक पुराना किस्सा है—1960 में नेहरू की घाना यात्रा के दौरान एनक्रूमा ने उन्हें एक शानदार 'केन्टे' कपड़ा भेंट किया, जो आज अक्रा के नेशनल म्यूजियम में प्रदर्शित है। उस स्वागत में स्थानीय जनजातियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नृत्य किया, और नेहरू की सादगी ने सबका दिल जीत लिया।

2011 में मनमोहन सिंह की यात्रा भी कम यादगार नहीं थी। नीली पगड़ी और सादे सूट में वह घाना की संसद में बोले, भारत अफ्रीका का प्राकृतिक सहयोगी है। हमारा रिश्ता संसाधनों या निवेश तक सीमित नहीं, बल्कि साझा विकास और मानवीय सहयोग पर आधारित है। उनकी बातों में गहराई थी, और स्वागत में घानाई गायकों ने पारंपरिक गीत गाए।

भारत-घाना व्यापार नेहरू काल से लंबा सफर तय किया है। 2004 में यह महज 213 मिलियन डॉलर था, जो मनमोहन सिंह के कार्यकाल में 2013-14 तक 1.2 अरब डॉलर पहुंचा। मोदी सरकार में यह 2017-18 में 3.34 अरब और 2018-19 में 4.48 अरब डॉलर तक गया, लेकिन 2023-24 में 2.51 अरब तक सिमट गया। 2024-25 (अप्रैल-अक्टूबर) में शुरुआती व्यापार 3.13 अरब डॉलर रहा। भारत का व्यापार घाटा बढ़ा है, क्योंकि घाना से सोना और तेल (घाना के निर्यात का 70त्न) तेजी से आयात हो रहा है।

भारत ने घाना को 450 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट (स्नष्ट) दी, जिससे गांवों में बिजली, आईटी पार्क, और स्वास्थ्य सुविधाएँ बनीं। लेकिन चुनौती सामने खड़ी है—चीन। घाना इन्वेस्टमेंट प्रमोशन सेंटर के मुताबिक, भारत प्रोजेक्ट संख्या में दूसरे स्थान पर है, लेकिन निवेश राशि में चीन, स्पेन, और मिस्र से पीछे है। 1994-2024 में भारत का निवेश 1.92 अरब डॉलर रहा, जबकि चीन का इससे कहीं अधिक। 2023 में भारत का निवेश 77.93 मिलियन डॉलर था, लेकिन चीन की आर्थिक पकड़ मजबूत है।

हालिया भारत-पाक तनाव में चीन ने पाकिस्तान को फाइटर जेट, मिसाइल, और सैटेलाइट डेटा देकर समर्थन दिया, जिसे विशेषज्ञ भारत के खिलाफ रणनीतिक चाल मानते हैं। घाना की सड़कों पर पारंपरिक नृत्यों की रौनक के बीच मोदी की यह यात्रा सिर्फ भारत-घाना दोस्ती की कहानी नहीं है। यह ग्लोबल साउथ में भारत की साख को पुनर्जनन करने और चीन की आक्रामकता को टक्कर देने की कोशिश है। चीन ने अफ्रीका में 200 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है, जबकि भारत 80 बिलियन के आसपास है। घाना में चीन की पकड़ इंफ्रास्ट्रक्चर और खनन में मजबूत है। लेकिन भारत की ताकत उसकी सॉफ्ट पावर में है—ऐतिहासिक दोस्ती, सांस्कृतिक जुड़ाव, और लोकतांत्रिक मूल्य।

मोदी की यह यात्रा आर्थिक प्रतिद्वंद्विता का नया अध्याय भी शुरू कर सकती है। घाना के तेल-गैस भंडार, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, और ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के लिए भारत के पास मौका है। यह भारत के लिए न सिर्फ घाना, बल्कि पूरे अफ्रीका में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर है, बशर्ते यह चीन की रणनीति को संतुलित करने के लिए स्पष्ट कदम उठाए।

अक्रा के बाजारों में भारतीय मसालों की खुशबू और अमिताभ बच्चन व शाहरुख खान की फिल्मों की गूँज घाना को भारत से जोड़े रखती है। 15,000 भारतीय समुदाय, योग, और क्रिकेट यहाँ भारत की सॉफ्ट पावर हैं। एक पुराना किस्सा है—1980 के दशक में 'डिस्को डांसर' ने घाना के सिनेमाघरों को फिर से जिंदा कर दिया। आज भी वहाँ के बुजुर्ग आओ, ओम शांति ओम गुनगुनाते हैं। लेकिन चीन और यूरोपीय देशों की आक्रामक मौजूदगी ने भारत के लिए मुकाबला कठिन कर दिया। घाना की सड़कों पर बच्चों के नृत्य और पारंपरिक गीत भारत-घाना की दोस्ती की गर्मी दिखाते हैं, मगर क्या यह नीतिगत ठोस कदमों में बदलेगा?

घाना की संसद से लेकर अक्रा की सड़कों तक, मोदी की यह यात्रा कोई साधारण कूटनीति नहीं। यह भारत की विदेश नीति की अग्निपरीक्षा है। भारत कई मोर्चों पर जूझ रहा है। ऑपरेशन सिंदूर का अधूरा नतीजा जनता के मन में सवाल छोड़ गया है। कैप्टन शिव कुमार जैसे सैन्य अधिकारियों ने सरकार की रणनीतिक अस्पष्टता पर उंगली उठाई है। अमेरिका की मध्यस्थता की खबरों ने भारत की स्वायत्तता को कटघरे में खड़ा किया। और अब, चीन की पाकिस्तान को सैन्य मदद ने भारत को ग्लोबल साउथ में अपनी साख बचाने की चुनौती दी है।

मोदी के सामने सवाल है—कि क्या वह इस यात्रा को भाषणों और ट्वीट्स से आगे ले जा पाएंगे? यह मौका है—नेहरू और एनक्रूमा की ऐतिहासिक दोस्ती को नया जीवन देने का, ग्लोबल साउथ में भारत की पुरानी साख को पुनर्जीवित करने का, और चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने का। अगर यह यात्रा भाषणबाजी तक सिमट गई, तो विपक्ष का तंज—विदेश नीति उड़ानों और उद्घाटनों तक सीमित है—और गहरा हो जाएगा।

**ओंकारेश्वर पांडेय**


## दूध वाले का लोकतंत्र (व्यंग्य)

गांव में एक दूधवाला था — नाम था लोकतंत्र यादव। जी हाँ, नाम सुनकर भ्रमित मत होइए। न वह संसद जाता था, न किसी गठबंधन में शामिल होता था, पर पूरे गांव की राजनीति उसी के घर से शुरू होकर वहीं समाप्त होती थी। उसके दरवाजे पर हर सुबह दूध लेने की कतार ऐसी लगती थी जैसे मंत्रिमंडल बनने से पहले समर्थन की लाइन। भैया, मलाई वाला देना! कोई चिल्लाता, भैया, आज तो पानी थोड़ा कम मिलाना! कोई हाथ जोड़ता। लोकतंत्र यादव मुस्कुरा कर कहता, सबको बराबर मलाई मिलेगी, पर मलाई मेरी नीयत में नहीं, नीतियों में है। और ये बात सुनकर लोग इतने अभिभूत हो जाते थे जैसे उन्होंने गाँधीजी का अंतिम भाषण सुन लिया हो।

लोकतंत्र यादव का एक सपना था — गांव में 'दूध सिद्धांत दल' बनाना। उनका मानना था कि राजनीति को अगर कुछ बचा सकता है तो वह है भैंस की सच्चाई। उन्होंने एक पार्टी बनाई — 'सफेद क्रांति मोर्चा'। एजेंडा बड़ा सीधा था — हर आदमी को एक गिलास दूध, एक किलो गोबर, और दो झूठे वादे मुफ्त। गांव के सारे बुद्धिजीवी इस विचार से प्रभावित हुए। मास्टर हरिदेव बोले, अरे, ये तो दूध के नेहरू निकले! और पंडित गदाधर ने तो अपनी पुरानी धोती तक पार्टी को दान कर दी — बोले, अब समय है, जब गोबर को सरकार में स्थान मिले।

पर लोकतंत्र यादव को जल्द ही समझ आ गया कि सिद्धांत से राजनीति चलाना वैसा ही है जैसे बिन चाय के बिस्कुट बेचना। गांव के नेता पहले सिद्धांतों की शपथ लेते, फिर हर बार दही में पानी मिलाते। एक दिन एक नौजवान कार्यकर्ता बोला, नेता जी, सिद्धांत तो ठीक हैं पर मलाई कैसे मिलेगी? लोकतंत्र यादव ने गंभीर होकर उत्तर दिया, बेटा, मलाई मांगोगे तो दही जमाना पड़ेगा, और दही के लिए दूध चाहिए, और दूध के लिए भैंस — और भैंस तो अब संसद में है!

एक दिन गांव में नई सरकार बनी — 'स्वच्छ दुहाई दल'। नारा था — दूध में मिलावट नहीं, पर सपनों में छूट रहेगी। मुख्यमंत्री बन बैठे — टकले ताऊ। उनकी पहली घोषणा थी — अब से कोई भी दूधवाला सुबह 4 बजे से पहले दूध नहीं दुहेगा। जनता को ताजगी चाहिए! इस पर लोकतंत्र यादव बोले — सर, ताजगी हम लाते हैं, सरकार सिर्फ बिल देती है। पर टकले ताऊ ने फरमान जारी कर दिया। दूध देर से आने लगा, बच्चों के टिफिन में चाय की जगह पानी और शक्कर घुलने लगे।



गांव के लोगों ने विद्रोह किया। वे 'भैंस बचाओ मोर्चा' लेकर पंचायत पहुंच गए। नारों की गूंज थी — मलाई हमारी, नीतियाँ तुम्हारी क्यों? और भैंस तेरी, दूध हमारा! लोकतंत्र यादव को जनता ने फिर से नेता घोषित कर दिया। लेकिन इस बार वे बोले — अब राजनीति नहीं, अब मैं सिर्फ भैंस चराऊँगा। लोगों ने पैर पकड़ लिए — नेता जी, एक बार फिर मलाई दिलवा दो। लोकतंत्र यादव ने एक लंबी साँस ली — जिस देश में सिद्धांत मलाई से भारी हो जाए, वहां दूध भी आँसू बन जाता है।

कुछ दिनों बाद गांव में 'त्यागी दल' बना। घोषणा हुई — हम पद नहीं लेंगे। हम सेवक बनेंगे। गांव के अखबार 'गोधन टाइम्स' ने ब्रेकिंग न्यूज़ चलाई — त्यागियों की क्रांति- अब नेता नहीं, दुहैया सेवक बनेंगे। सब जनता खुश। पर शाम होते-होते त्यागियों में झगड़ा शुरू हो गया — सेवक कौन बनेगा? रामधनी बोले — मैं दूध उबालूँगा। हरिनाथ गरजे — मैं मलाई निकालूँगा! चंद्रकांत भड़क उठे — सब मलाई तू ही लेगा? और फिर पतीले हवा में उड़ने लगे। दूध, सिद्धांत और सपने सब बह गए — भैंस गुमसुम खड़ी रही।

अब गांव मं एक स्मारक है — 'दूध सिद्धांत शहीद स्थल'। वहां लिखा है — यहाँ लोकतंत्र यादव ने आखिरी बार सिद्धांत दुहे थे। लोग आते हैं, फूल चढ़ाते हैं, बच्चे पूछते हैं — पापा, ये सिद्धांत किस जानवर का नाम है? और पापा आह भरते हैं — बेटा, ये एक ऐसी भैंस थी जो कभी लोकतंत्र में दूध देती थी। अब तो वह सरकारी गोशाला में भर्ती है, और उसकी नज़रें हमेशा रास्ता ताकती रहती हैं — शायद कोई फिर से आदर्शवाद की घास लेक आए।

अंत में, लोकतंत्र यादव बूढ़े हो चुके थे। उन्होंने अपने आखिरी भाषण में कहा — सिद्धांतों का बोझ इतना भारी होता है कि अगर दूध में डाल दो तो मलाई डूब जाती है। और ये कह कर उन्होंने अपने पुराने दूध के डिब्बे को माला पहनाकर बंद कर दिया। आंखों से आँसू छलक पड़े। कोई पूछ बैठा — क्या अब दूध भी राजनीति करेगा? जवाब आया — नहीं बेटा, अब राजनीति ही दूध को पी जाएगी। गांव वालों ने एक स्वर में कहा — अब तो भैंस ही संविधान लिखेगी। और भैंसज्वो चुपचाप खड़ी रही, उसकी आंखों में एक बूंद आंसू चमक रहा था — शायद किसी पुराने नेता का बचा हुआ वादा।

**- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',**
**( हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार )**

## राशिफल

**आषाढ़ माह शुक्ल पक्ष दशमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
शत्रु भी मित्रवत व्यवहार करेंगे। गुणज्ञामन की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें। भावुकता पर काबू रखें। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य में सुधार होगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी होगी। प्रेम, संतान भी अच्छा है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पराक्रम रंग लाएगा। किया गया पुरुषार्थ सार्थक होगा। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
धन का आवक बढ़ेगा। अपनों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। शुभता के प्रतीक बने रहेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में रहेंगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
खर्च की अधिकता रहेगी। मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
आय के नवीन स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। राजनीतिक लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भाग्य साथ देगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। कार्यों की विघ्न बाधा खत्म होगी।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

# कांग्रेस ने किया जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के 5000 प्राइमरी एवं माध्यमिक स्कूलों को मर्ज करने के छात्र, अभिभावक व शिक्षक विरोधी निर्णय के खिलाफ जिला मुख्यालय सूरजपुर पर प्रदर्शन करके गूँगी बहरी सरकार को जगाने के लिए हुंकार भरी गयी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाये हुए है और यह सरकार उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राइमरी एवं माध्यमिक स्कूलों को मर्ज करने का जो निर्णय लिया है यह पूरी तरह से युवा, छात्र और बेरोजगार विरोधी निर्णय है। इसके व्यापक दुष्परिणाम सुदूर गांव के बच्चों को झेलने पड़ेंगे क्योंकि उन्हें दूसरे गाँवो में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ेगा, जिससे उन्हें और उनके अभिभावकों को भी काफी दिक्कतें आयेंगी। इसके साथ ही मिड डे मील के तहत जो कामगार स्कूलों के लिए खाना बनाते है उनकी नौकरी पर भी तलवार चलनी तय है।

बीएड, बीटीसी की डिग्रीधारी युवाओं के लिए नौकरी की दिक्कतें खड़ी होंगी, उत्तर प्रदेश सरकार का यह कदम हर तरीके से युवाओं, छात्रों और बेरोजगार नौजवानों के हितों के विपरीत है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के इस निर्णय की घोर भर्तस्ना करती है, कांग्रेस पार्टी ने युवाओं, छात्रों एवं बेरोजगारों के व्यापक हितों के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया है।

पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि जिस दिन उत्तर प्रदेश में यह सरकार विदा होगी और कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी ये सभी अलोकतांत्रिक निर्णय वापिस लिए जायेंगे।

संगठन प्रभारी जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि स्कूलों का मर्जर तो बहाना है बेरोजगारी को छिपाना है, नए रोगार देना बंद करना सरकार का असली मकसद है।

जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के साथ ही महामहिम राष्ट्रपति महोदया को सम्बोधित एक ज्ञापन भी जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया, उपजिलाधिकारी वेद प्रकाश पांडेय महोदय ने कार्यकर्ताओं से ज्ञापन लेकर आश्वस्त किया की आवश्यक कार्यवाही इस संदर्भ में की जाएगी।

प्रदर्शन के दौरान जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश शर्मा, आनद शर्मा, पुनीत मावी, रिजवान चौधरी, श्रुति कुमारी,धरम सिंह बाल्मीकि, अशोक पंडित, देवेश चौधरी, किशन शर्मा, गौतम सिंह, निशा शर्मा, सतीश चंद्र, आर0 के0 प्रथम, तनवीर अहमद, नीरज लोहिया, चरण सिंह, राजकुमार शर्मा, नितीश चौधरी, अरुण भाटी, रमेश चंद्र यादव, अरविन्द रेक्सवाल, महकार सिंह, रमेश बाल्मीकि, सुबोध भट्ट, विपिन त्यागी, कैलाश बंसल, धीरे सिंह, अमित कुमार, मोहित भाति एडवोकेट, के0 के0 भाति एडवोकेट,अमित भाटी, रिंकू यादव, मनीष पांडेय, रामानुज तिवारी, उर्मिला चौधरी, हेमंत भाटी, बॉबी प्रधान, लोकेश, अजय यादव, जॉनी यादव, मनोज शर्मा आदि कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ में संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ में 15 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ एससी रैना, पूर्व कुलपति, हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, शिमला रहे । इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सिबाराम खारा और स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ ऋषिकेश दवे की भी उपस्थिति रहे। शिक्षण पद्धति, शोध एवं विद्वत लेखन पर एफडीपी की विकास कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक प्रोफेसर डॉ अनीता सिंह के उद्घाटन भाषण के साथ हुई ।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सिबाराम खारा ने प्रतिभागियों को शोध में गुणवत्ता की दिशा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया , और शिक्षण के प्रमुख मापदंडों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ एससी रैना ने अपने संबोधन में छात्रों की शोध आधारित क्षमता के विकास पर ध्यान केंद्रित किया।

एफडीपी के प्रथम सत्र का नेतृत्व प्रतिष्ठित वक्ता प्रोफेसर डॉ पूर्वी पोखरियाल, निदेशक, राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, दिल्ली परिसर द्वारा किया गया। उन्होंने समूह आधारित शिक्षा के महत्व पर जोर दिया जो छात्र केंद्रित है। उन्होंने व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया और प्रोत्साहित किया कि छात्रों के लिए उपलब्ध जानकारी की अधिकता को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम को कैसे फिर से तैयार किया जाना चाहिए।

विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ के डीन डॉ ऋषिकेश दवे ने कहा कि दो सप्ताह का ऑफ़लाइन संकाय विकास कार्यक्रम (स्नष्ठक्क) प्रतिभागियों को शिक्षण, शोध और लेखन कौशल के विभिन्न पहलुओं की गहन समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। कार्यक्रम शिक्षण, शोध और मार्गदर्शन के क्षेत्र में संकाय दक्षताओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और इसमें निर्देश, मूल्यांकन, सीखने और मार्गदर्शन के विभिन्न दृष्टिकोण शामिल हैं।

इस मॉड्यूल के सत्र नए युग की शिक्षा शास्त्र पर चर्चा करेंगे, जिसमें कक्षा शिक्षण और शोध में नवीनता और प्रासंगिकता को शामिल किया जाएगा। इसमें वैज्ञानिक अनुसंधान के मूल सिद्धांतों, शोध डिजाइन तैयार करने की पेचीदगियों और अध्ययन करने के व्यावहारिक तरीकों पर विचार-विमर्श भी शामिल होगा। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम डेटा हैंडलिंग के आवश्यक पहलुओं को कवर करेगा, जिसमें संग्रह, संगठन और सांख्यिकीय विश्लेषण शामिल हैं, और मौखिक और लिखित माध्यमों के माध्यम से शोध निष्कर्षों के संचार पर जोर दिया जाएगा। शोध परिणामों को व्यापक शैक्षणिक और पेशेवर दर्शकों तक पहुंचाने की रणनीतियों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रतिभागी अपने संबंधित क्षेत्र में सार्थक योगदान देने के लिए अच्छी तरह से तैयार हों।

# बिल्डर कर रहा अवैध जलदोहन



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-146 स्थित डिस्क बिल्डर द्वारा अवैध रूप से जल दोहन का कार्य किया जा रहा है। बताया जाता है कि डिक्स बिल्डर का सेक्टर-146 में प्रोजेक्ट चल रहा है। इस प्रोजेक्ट में 50 से अधिक समरसेबल के जरिए पानी का निष्कासन हो रहा है। इस विषय को लेकर जहां प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन के अफसर जल दोहन पर रोक लगाने का काम कर रहे हैं।

वहीं डिक्स बिल्डर द्वारा प्रशासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध रूप से जल दोहन का काम हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बिल्डर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं जब इस संबंध में भूजल गर्भ विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे बात नहीं हो पाई।

# हड़ताल को सफल बनाने को लेकर महा जनसंपर्क

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव कॉमरेड एम ए बेबी ने 9 जुलाई को मजदूरों की राष्ट्रव्यापी ऐतिहासिक हड़ताल का समर्थन करते हुए कार्यकर्ताओं को हड़ताल सफल बनाने का आह्वान किया।

9 जुलाई की देशव्यापी आम हड़ताल के लिए सीपीआई(एम) की गाजियाबाद जिला कमेटी द्वारा आयोजित होलीफेथ इंटरनेशनल साइट 4 साहिबाबाद फैक्ट्री गेट मीटिंग में कॉमरेड बेबी ने कहा कि अगर चार श्रम संहिताएं लागू की गईं तो मजदूर वर्ग गुलामी की ओर धकेल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी और उनके पूंजीपति साथियों के राज में मजदूरों को 8 घंटे काम के नियम के लिए भी संघर्ष करना पड़ा, जिसके लिए शिकागो के मजदूर शहीद हो गए। कॉमरेड बेबी ने मजदूर वर्ग के लिए कॉमरेड सफदर हाशमी और राम बहादुर की शहादत को भी याद किया। मीटिंग में गाजियाबाद के साइट 4 साहिबाबाद और उसके आसपास की फैक्ट्रियों के सैकड़ों मजदूरों ने हिस्सा लिया। सीपीआई(एम) के पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड अरुण कुमार ने कहा कि अब समय आ गया है कि सर्वहारा वर्ग की अग्रणी पार्टी चार श्रम संहिताओं के खिलाफ सड़कों पर उतरे। उन्होंने कहा कि मोदी को सिर्फ पूंजीपतियों का धन सृजन में योगदान दिखता है जबकि प्रमुख योगदान मजदूरों की मेहनत का होता है। और आने वाली हड़ताल उनकी आंखें खोल देगी। इस अवसर पर सीपीआई(एम) के दिल्ली राज्य सचिव अनुराग सक्सेना ने भी बात रखी, जिसका जन संगठनों के जिला नेतृत्व ने अभिनंदन किया। सभा को जिला सचिव कॉमरेड ईश्वर त्यागी, सीटू जिला महासचिव जी एस तिवारी, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की जिलाध्यक्ष नीरु सिंह सेंगर ने भी संबोधित किया। जनसभा की अध्यक्षता कॉमरेड बृजेश कुमार सिंह द्वारा की गयी।




आज की जन सभा में कॉमरेड राजवीर सिंह, श्रीकृष्ण सिंह, देवेंद्र शर्मा, त्रिफूल सिंह, अबरार अहमद, रविंद्र कुमार, भावना त्यागी, रुक्साना बेग़म, नग़मा चौधरी, रेणु झा, के के तोमर, अरविंद तिवारी, विजय सिंह, जय कुमार सोम, राजीव शर्मा, प्रदीप वर्मा, सुमन सिंह, टूना देवी, आयशा, सीता, दर्शनी, सुल्ताना परवीन, संजय सिंह, वेदपाल, कन्हैया मिश्रा, राम उजागर मौर्य, ठाकुर दास, यू के पाठक, इंद्रजीत सिंह, मुकेश शर्मा, वीरपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह, बाबू लाल सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित लोगों द्वारा हाथ उठा कर गर्म जोशी के साथ नारा लगाते हुए गाजियाबाद में 9 जुलाई 2025 को हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

# प्राधिकरण के अफसर सुनने को तैयार नहीं

## नारकीय जीवन जीने को विवश हैं शहदरा गली-5 के लोग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-142 शाहदरा गांव की गली नंबर-5 के लोग नारकीय जीवन जीने के लिए विवश हो गए हैं। बताया जाता है कि शाहदरा गांव के गली नंबर-5 की गली इतनी खराब हो चुकी है कि उस पर चलना दूभर हो रहा है। बार-बार शिकायतों के बाद भी नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी काम करने को तैयार नहीं है। अधिकारियों से लेकर कर्मचारी तक से इस गली के मरम्मत की शिकायत की जा चुकी है परंतु कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के सचिव पिंकी पंडित ने कहा कि हमारी ही सरकार में हमारे ही काम नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की शिकायत प्रदेश के मुख्यमंत्री से की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को कई बार वीडियो एवं सड़क की फोटो तथा प्रार्थना पत्र भेजा गया। लेकिन गली का हाल अभी भी बदहाल पड़ा है। उन्होंने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी से मांग की है कि तत्काल गली नंबर-5 को ठीक किया जाए। नहीं तो हम सभी ग्रामीण मिलकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।



# एनपीसीएल की व्यवस्था ध्वस्त : आर्य

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** एनपीसीएल की मनमानी से ग्रामीण एवं सेक्टरवासियों में जबरदस्त आक्रोश है। बताया जाता है कि बरसात के समय में खुले तार की वजह से आए दिन घटनाएं घटित हो रही है। लेकिन एनपीसीएल के अधिकारी इन तारों को सुरक्षित करने में नकारा साबित हो रहे हैं। वहीं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। आए दिन ग्रामीण विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को लेकर धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य हैं।

वरिष्ठ समाजसेवी सुखबीर सिंह आर्य ने कहा कि कई बार अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते खुले तारों को सुरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले समय में बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसी तरह गांव एवं सेक्टर में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। कई-कई जगह तो घंटों घंटों बिजली गायब रहती है लेकिन उनके अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों का फोन तक उठाना उचित नहीं समझते हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
NER-LJN-2025-117 & 118
[illegible] ई-निविदा सं.: NER-LJN-2025-117; कार्य का नाम: [illegible] अनुमानित लागत (₹): [illegible] अग्रिम धन (₹): ₹3,32,100/-, समापन अवधि: [illegible] ई-निविदा सं.: NER-LJN-2025-118; कार्य का नाम: [illegible] अनुमानित लागत (₹): [illegible] अग्रिम धन (₹): ₹2,62,000/ ; समापन अवधि: [illegible] 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-117 & 118 तक के लिए [illegible] 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित [illegible] पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। [illegible]
[illegible]
सभी अवैध / [illegible]

दैनिक चेतना मंच
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू.पी. ) से छपवाकर, ए. 131 सेक्टर 83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक- रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## सार्वजनिक सूचना

प्रोंटास्टिक आईटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक निशांत कुमार, मनोरमा सिंह, प्रशांत कुमार व अकाउन्टेट प्रिन्स द्वारा एक प्रतिष्ठित कंपनी द्वारा आपूर्ति किये गये सामान के सापेक्ष में भुगतान न करने, प्राप्त धनराशि को आपसी सहमति से खोले गए निर्दिष्ट/नामंकित खाते की जगह अपने निजी खाते में जमा करने, धन के गबन करने के संबंध में थाना सैक्टर 126 नोएडा पर मु0अ0सं0 0055/2025 धारा 3(5)/61(2)/316(2)/316(5)/318(4) BNS बनाम प्रोंटास्टिक आईटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक निशांत कुमार, मनोरमा सिंह, प्रशांत कुमार, व अकाउन्टेट प्रिन्स के विरूद्ध नोएडा पुलिस द्वारा एफ.आई.आर. पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना में नोएडा पुलिस ने निशांत कुमार, प्रशांत कुमार व अन्य लोगों को दोषी पाया गया है। आरोपियों निशांत कुमार, प्रशांत कुमार, मनोरमा सिंह और प्रिंस सिंह के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की है।

ज्ञात हो कि प्रोंटस्टिक आई. टी. सर्विसेज को सेंटर फॉर रेलवे इनफार्मेशन सेंटर (CRIS) जो भारतीय रेल की एक संस्था है से वर्ष 2021 में एक ऑर्डर मिला। जिसको निष्पादित करने के लिए निशांत कुमार व प्रशांत कुमार ने एक बडी कंपनी से सहयोग मांगा और इस कंपनी से एक अनुबंध किया। कंपनी ने शर्तों के अनुसार समान की पूर्ति की किंतु प्रोंटस्टिक आई.टी. सर्विसेज ने ना सिर्फ कंपनी को देय रकम जो की रुपये 10 करोड़ से अधिक की है, का भुगतान नहीं किया। अपितु बदले की भावना से कंपनी के अधिकारियों संदीप चावला, सी.ई.ओ. सौरभ छाजर, सी.एफ.ओ. और आशीष मिश्रा, वाईस प्रेसिडेंट के विरुद्ध फ़र्ज़ी एफ.आई.आर. नोएडा पुलिस में लिखवाई जो की प्रथम दृष्टया मनगढ़ंत आरोपों पर आधारित है।

# राजेंद्र सिंह नागर व जयवीर सिंह हुए अजगर में शामिल

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाकियू अजगर ने संगठन विस्तार करते हुए जनपद गौतम बुद्ध नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व किसान नेता चौधरी राजेंद्र सिंह नागर निवासी ग्राम समसपुर व चौधरी जयवीर सिंह नागर निवासी ग्राम महमूदपुर को अपनी टीम में शामिल किया। यह मीटिंग ग्रेटर नोएडा में चौधरी राजेंद्र सिंह जी के आवास पर संपन्न हुई जिसमें संगठन की रीति और नीतियों से प्रेरित होकर दोनों ने संगठन का दामन थामा। इस दौरान चौधरी नागर ने बताया कि हम शुरू से ही समाज सेवा के साथ-साथ किसान हित की लड़ाई लड़ते रहे हैं और भविष्य में भी पूरी मजबूती के साथ किसानों के मुद्दों को हल करने का काम करेंगे।

इस दौरान सरपंच नीरज नागर नवादा ने बताया कि दोनों ही वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं इनके अनुभव से संगठन को नई ऊर्जा और सबल प्राप्त होगा। जिससे संगठन और अधिक प्रभावपूर्ण तरीके से कार्य करेगा। बैठक के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरवीर नागर मास्टर नेपाल कसाना, जग्गी पहलवान, राजेंद्र अटटा, रजपाल भगत जी, प्रभु प्रधान, उधम नागर, जगत सिंह, नवीन नागर, मांगेराम व नवीन शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## खास खबर

### वाटर गेम्स फेस्टिवल 21 अगस्त से

**नई दिल्ली।** देश में वाटर गेम्स को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ी पहल के रूप में पहला 'खेलो इंडिया वाटर गेम्स फेस्टिवल' 21 अगस्त से 23 अगस्त तक श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील की सुंदर वादियों में होगा, जहां देशभर के खिलाड़ी विभिन्न जल क्रीड़ाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य देश में वाटर गेम्स को बढ़ावा देना और युवाओं के बीच इन खेलों की पहुंच और लोकप्रियता को सशक्त करना है। इस आयोजन में देश के 36 राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों से 400 से अधिक खिलाड़ी भाग लेने की उम्मीद है। तीन दिवसीय इस आयोजन में कुल 5 प्रमुख वाटर गेम्स की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें कायकिंग और केनोइंग (छोटी नौकाओं को चप्पुओं से चलाना), रोइंग (नौकायन), वाटर स्कीइंग (पानी की सतह पर तेजी से खींचे जाने वाला खेल), शिकारा दौड़, ड्रैगन नाव दौड़ हैं। इस प्रतियोगिता में खुली आयु वर्ग (ओपन एज कैटेगरी) के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### फुटबॉलर डियोगो जोटा का निधन

**नई दिल्ली।** फुटबॉल जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। लिवरपूल और पुर्तगाल के स्टार फॉरवर्ड डियोगो जोटा का 28 वर्ष की उम्र में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। यह हादसा स्पेन के जमोरा शहर में गुरुवार सुबह हुआ, जिसमें उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा की भी मौत हो गई।पुर्तगाल फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) ने एक बयान में इस दुखद घटना की पुष्टि करते हुए कहा, पुर्तगाल फुटबॉल महासंघ और पूरे पुर्तगाली फुटबॉल समुदाय को डियोगो जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की मौत से गहरा आघात पहुंचा है। हमने यूएफा से गुरुवार को महिला यूरोपीय चैंपियनशिप में स्पेन के खिलाफ होने वाले मैच से पहले एक मिनट का मौन रखने का अनुरोध किया है। स्पेनिश रिपोर्ट्स के अनुसार यह हादसा ए-52 हाईवे पर पालासिओस दे सानाब्रिया के पास हुआ। दोनों भाइयों की कार में आग लग गई और वह जंगल में फैल गई।

### कुत्ते के काटने से कबड्डी खिलाड़ी की मौत

**बुलंदशहर ।** उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से एक दुखद खबर आई है। यहां कुत्ते के काटने से एक कबड्डी खिलाड़ी बृजेश की मौत हो गयी है। इस खिलाड़ी ने हाल ही में एक कुत्ते को बचाया था। उसी दौरान उसे कुत्ते ने उंगली में काट लिया था जिसपर इस खिलाड़ी ने ध्यान नहीं दिया। ऐसे में रेबीज वायरस से इसकी मौत हो गयी है। इस खिलाड़ी ने एंटी-रेबीज वैक्सीन नहीं लगवाई थी और यही गलती उसकी मौत का कारण बनी। इसका एक वीडियो भी वीडियो अब सोशल मीडिया पर आया है। बृजेश राज्य चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता थे और प्रो कबड्डी लीग में भाग लेने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच मार्च में फराना गांव में एक कुत्ते का पिल्ला नाली में गिर गया था जिसे बचाने के दौरान ही उन्हें उसने काट लिया था जिसपर बृजेश ने ध्यान नहीं दिया। इसके बाद बृजेश का दायां हाथ सुन होने लगा और इसके बाद पूरा शरीर भी सुन पड़ गया। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए पर कोई लाभ नहीं हुआ।

### वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी से भारतीय अंडर-19 टीम ने तीसरा एकदिवसीय जीता

# इंग्लैंड अंडर-19 को चार विकेट से हराया

एजेंसी

**लंदन ।** 14 साल के वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी की सहायता से भारतीय अंडर-19 टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भी इंग्लैंड अंडर 19 टीम को 4 विकेट से हरा दिया। भारतीय टीम की ओर से वैभव ने सबसे अधिक 86 रन बनाये। इस जीत के साथ ही भारतीय जूनियर टीम को 5 मैचों की एकदिवसीय सीरीज में 2-1 की बढ़त मिल गयी है। भारतीय टीम ने पहला एकदिवसीय 6 विकेट से जीता था जबकि दूसरे एकदिवसीय में इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की थी। वहीं अब भारतीय टीम ने तीसरा एकदिवसीय जीतकर एक बार फिर सीरीज में बढ़त बनायी है। वहीं बारिश से



प्रभावित इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने कप्तान थॉमस रेउ के 76 और बेन डॉकविंस के 62 रनों की सहायता से 6 विकेट पर 268 रन बनाए। भारत की ओर से कनिष्क चौहान ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए। इस मैच में इंग्लैंड ने जीत के लिए भारतीय टीम को 269 रनों की चुनौती दी थी। जिसे भारतीय टीम ने 34.3 ओवर में ही 6 विकेट के नुकसान पर 274 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की ओर से अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 38 रन बनाये। कुंडू के 12 रन बनाकर आउट होने के बाद भी वैभव तेजी से खेलते रहे और विहान मल्होत्रा के साथ उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 73 रन बनाये। विहान 46 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वैभव ने 277.42 के स्ट्राइक रेट से 86 रन बनाए। इसके अलावा कौशिक चौहान ने नाबाद 43 रन जबकि आरएस अंबरीश ने भी नाबाद 31 रन बनाए। मेजबान इंग्लैंड की ओर से एलेक्स वेड ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। इससे पहले इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में पहले बैटिंग करते हुए 6 विकेट पर 268 रन बनाए. कप्तान थॉमस रेउ ने सबसे ज्यादा 44 गेंदों पर 76 रन बनाए वहीं ओपनर बेन डॉकविंस ने 61 गेंदों पर 62 रन बनाए।

## जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंचे

एजेंसी

**लंदन ।** सर्बियाई टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच जीत के साथ ही विंबलडन टेनिस टूनार्मेंट के दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। वहीं जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। वहीं महिला वर्ग में अमेरिकका की कोको गॉफ को पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा है। जोकोविच पहले दौर के मैच में पेट दर्द से भी परेशान रहे। इस कारण उन्हें दो बार मेडिकल हेल्प भी लेनी पड़ी के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी। जोकोविच ने एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनायी।जोकोविच ने कहा, ह्यह्यमैं मैच के दौरान काफी परेशान था पर किसी प्रकार दवा लेकर खेलने में सफल रहा। वहीं एक अन्य मुकाबले में ज्वेरेव को आर्थर



रिंडरक्नेच ने पांच सेटों तक चले मुकाबले में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हराया। महिला एकल की बात करें तो गॉफ पहले दौर में ही हार गयी। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से पराजित किया। वहीं इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर में ही हार कर बाहर हो गये। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बाहर हो गये हैं।

## अल्कराज ने क्वालिफायर ऑली टार्वेट को हराया

एजेंसी

**लंदन।** विंबलडन 2025 में बुधवार रात खेले गए पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के क्वालिफायर खिलाड़ी ऑली टार्वेट को 6-1, 6-4, 6-4 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में नंबर 733 पर काबिज टार्वेट के लिए यह मुकाबला किसी सपने से कम नहीं था। घरेलू दर्शकों से मिल रहे जबरदस्त समर्थन के बीच उन्होंने अल्कराज को कड़ी टक्कर देने की भरपूर कोशिश की, लेकिन दो बार के मौजूदा चैंपियन की दमदार फोरहैंड्स और अनुभव के सामने

**विंबलडन 2025**



अंततः वह टिक नहीं सके। 21 वर्षीय टार्वेट, जो अमेरिका के सैन डिएगो में कॉलेज छात्र हैं, ने तीन राउंड के क्वालिफाइंग मुकाबले जीतकर मेन ड्रॉ में जगह बनाई थी। उन्होंने मैच से पहले आत्मविश्वास के साथ कहा था कि वह किसी को भी हरा सकते हैं – जिसमें अल्कराज भी शामिल हैं। पहले सेट में टार्वेट ने आठ ब्रेक पॉइंट्स बनाए लेकिन अल्कराज ने जबरदस्त रक्षात्मक खेल दिखाते हुए केवल एक गेम गंवाया और दो बार टार्वेट की सर्विस तोड़कर सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट की शुरूआत में टार्वेट ने अल्कराज की सर्विस ब्रेक कर 2-0 की बढ़त बनाई, लेकिन अल्कराज ने तुरंत वापसी करते हुए अगले चार पॉइंट्स जीतकर मैच पर फिर से नियंत्रण जमा लिया। नौवें गेम में एक और ब्रेक के साथ उन्होंने दूसरा सेट भी जीत लिया। तीसरे सेट में अल्कराज ने 3-2 की बढ़त ली, लेकिन टार्वेट ने फिर ब्रेक कर बराबरी की। हालांकि, अल्कराज ने जवाब में अगले चार पॉइंट जीतकर निर्णायक बढ़त बनाई और मैच को अपने पक्ष में समाप्त किया। मैच समाप्त होने पर अल्कराज ने एक तेज सर्विस विनर के साथ जीत दर्ज की।

## शुभमन में दिखी विराट की झलक

एजेंसी

**बर्मिंघम।** भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल की बल्लेबाजी कप्तानी संभालने के बाद एकदम से बदली नजर आ रही है। जिस प्रकार उन्होंने अब तक दोनो ही मैचों में शतक लगाये हैं उससे सभी हैरान हैं। एजबेस्टन टेस्ट में शतक पूरा करने के बाद शुभमन ने जिस अंदाज में जश्न मनाया उससे उनमें विराट कोहली की झलक दिखी। उन्होंने हेलमेट हवा में उठाया, भीड़ की ओर झुककर अभिवादन किया, बल्ले को चूमा और जोरदार गर्जना की। कुछ लोगों को इससे देखकर विराट की भी याद आ गई। विराट ने इसी मैदान पर कप्तान के तौर



पर साल 2018 के दौरे में शानदार शतक लगाया था। उसके बाद विराट ने जिस आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया। वैसा ही कुछ शुभमन ने भी किया। शुभमन की सफलता भारतीय क्रिकेट के लिए भी एक नई उम्मीद बनकर उभरी हैं। शुभमन ने नंबर-4 पर आकर उस समय पारी को संभाला, जब भारत ने शुरूआत में ही विकेट खो दिये थे और टीम दबाव में थी। वह अब उन बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ लगातार तीन टेस्ट मैचों में शतक लगाया है। इससे पहले यह कारनामा दिलीप वेंगसरकर, मोहम्मद अजहरुद्दीन और राहुल द्रविड़ ने किया था। शुभमन की पारी से ही भारतीय टीम पहले दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 310 रन बना पायी।

## कार चालक पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** दुर्घटना में हुई दो युवकों की मौत के मामले में परिजनों ने आरोपी इको कार के चालक के खिलाफ थाना दनकौर में मुकदमा दर्ज कराया है।

जेवर के कानून गोयान मोहल्ला निवासी राहुल शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 जून को उनका चचेरा भाई प्रियांशु शर्मा अपने साथी आलोक शर्मा के साथ उसकी बाइक से नोएडा ड्यूटी करने जा रहा था। जैसे ही वह दोनों यमुना एक्सप्रेसवे पर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के आगे पेरीफेरल हाईवे पर पहुंचे तो पीछे से तेज गति में आ रही मारुति ईको कार ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में मोटरसाइकिल चला रहे आलोक शर्मा और उनके चचेरे भाई प्रियांशु शर्मा को गंभीर चोटें आई। दोनों को गंभीर अवस्था में ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने आलोक शर्मा को मृत घोषित कर दिया। राहुल शर्मा के मुताबिक उन्होंने अपने चचेरे भाई प्रियांशु शर्मा को कैलाश अस्पताल से निकलकर जिम्स अस्पताल कासना में भर्ती कराया। 20 जून को प्रियांशु शर्मा की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। राहुल शर्मा ने आरोपी इको कार के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराए गए कार नंबर के आधार पर चालक की तलाश कर रही है।

## महिला को टोकना पड़ा भारी, की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** घर के बाहर खड़े होकर गालियां दे रही महिला को टोकना एक युवक को खासा महंगा पड़ा। महिला उसके पति व बेटे ने जमकर मारपीट की। पीड़ित ने थाना बिसरख में महिला व उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। चिपियाना बुजुर्ग निवासी विवेक चौधरी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 6 जून की शाम को वह अपने दोस्त अर्णव उर्फ़ देवा के साथ रिश्तेदार सतेंद्र तालान के खाटू श्याम एंक्लेव स्थित घर गया था। वह अपने रिश्तेदार के घर बैठकर चाय पी रहे थे। इस दौरान घर के बाहर खड़ी पूनम नाम की महिला तेज आवाज में गंदी-गंदी गालियां दे रही थी। उन्होंने जब महिला से गाली देने का कारण पूछा तो वह बिफ़र गई और उनके साथ भी गाली गलौज करने लगी।

उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो महिला ने अपने पति संजय गुप्ता बेटे मुकुल गुप्ता व कुछ अन्य लोगों को मौके पर बुला लिया। इन लोगों ने आते ही उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। झगड़ा होता देखकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर आ गए और उन्हें किसी तरह इन लोगों के चंगुल से बचाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपी महिला व उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

### तन्वी की नजरें एशियाई जूनियर चैंपियनशिप पर

**चंडीगढ़ ।** उभरती हुई बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी शर्मा अब अगले महीने होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में पदक जीतने की तैयारी करेंगी। इसके लिए वह गुवाहाटी में भारतीय बैडमिंटन टीम के शिविर में शामिल होगी। ये टीम अगले महीने इंडोनेशिया में होने वाली एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में भाग लेगी। तन्वी ने हाल ही में हाल ही में बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 यूएस ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रजत पदक जीता था। तन्वी को बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 यूएस ओपन के महिला एकल के फाइनल में अमेरिका की बेइवेन झांग के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था। विश्व में 66वें स्थान पर कायम तन्वी इसके बाद जूनियर विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी बन गई है और विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल हो गई है।

## हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप का उद्घाटन





▶ प्रतियोगिता में देश के कुल 28 राज्यों की टीम ले रही भाग

**रांची।** हॉकी इंडिया, कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार और हॉकी झारखंड के संयुक्त तत्वाधान में 03 जुलाई से 14 जुलाई 2025 तक झारखंड के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी, रांची में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पर्यटन , कला संस्कृति , खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग के माननीय मंत्री श्री सुदिव्य कुमार जी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गेंद पास कर प्रतियोगिता का किए उद्घाटन। इस मौके पर हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने मंत्री को अंग वस्त्र, मोमेंटो और बुके देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता में कुल 28 टीम भाग ले रही है जिनका 3 डिविजन में मैच होगा,ए डिविजन जिसमे 12 टीम, इ डिविजन जिसमे 09 टीम और सी डीविजन जिसमे कुल 07 टीम भाग ले रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लकड़ा, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी सुभद्रा प्रधान, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, सीईओ रजनीस कुमार , कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा, माइकल लाल, धर्मेंद्र कुमार, जयंत केरकेट्टा, रणधीर कुमार, गुरमीत सिंह राव, सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ग्रिल काटकर घुसे चोर, घर किया साफ

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर 31 में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात और 80 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। सेक्टर-31 केसी ब्लॉक में रहने वाले श्वेताभ कौशिक ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि 23-24 जून की मध्य रात्रि को चोर खिड़की की ग्रिल काटकर उनके मकान में दाखिल हुए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी के लॉकर को तोड़कर उसमें से लाखों रुपए के गहने और 80000 की नजदीक चोरी कर ली। परिजन सुबह जब सो कर उठे तो उन्हें कमरे की ग्रिल कटी हुई मिली। जिसके बाद उन्होंने छानबीन की। इस दौरान पता चला कि चोर अलमारी से गहने व नगदी चोरी कर ले गए हैं ।पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

## ग्रीन बेल्ट की 200 बीघा जमीन पर भूमाफियाओं ने कर लिया कब्जा

*प्राधिकरण का उद्यान विभाग कुंभकर्णी नींद में, ईबोनी एस्टेट आरडब्ल्यूए ने की सीईओ से शिकायत*

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर पाई-4 में कुछ भूमाफियाओं ने किसान आंदोलन की आड़ में ग्रीन बेल्ट की करीब 200 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है तथा वहां पर कई मंजिला भवनों का निर्माण भी कर लिया है। सैकड़ों शिकायत के बावजूद भी अभी तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

पाई-4 सेक्टर स्थित ईबोनी एस्टेट आरडब्ल्यूए अध्यक्ष ने इसकी लिखित शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ से की है। पत्र में अध्यक्ष जेपी सिंह ने कहा कि वह पिछले 5 वर्षों से प्राधिकरण के उद्यान विभाग तथा अन्य विभाग से ग्रीन बेल्ट की जमीन पर हुए अवैध कब्जे तथा निर्माण की कई वर्ष शिकायत कर चुके हैं। यही नहीं 15 बार तो उन्होंने अधिकारियों को रिमाइंडर पत्र भी भेजा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि तत्कालीन ओएसडी संतोष कुमार को स्थलीय जांच के आदेश भी दिए गए थे। उन्होंने भी कार्रवाई के नाम पर प्लानिंग विभाग को दो पत्र जारी कर दिए। इसके बाद भी अन्य अफसररों महज औपचारिकता निभाते हुए कागजी खानापूर्ति की। लेकिन अभी तक ग्रीन बेल्ट की जमीन पर न तो अवैध कब्जा हटाया गया और न ही अवैध कब्जा करने वाले भूमाफियाओं पर कोई कार्रवाई की गई है ।

अध्यक्ष ने कहा कि ग्रीन बेल्ट की जमीन पर भूमाफियाओं ने गरीबों से पैसे लेकर जमीन बेची तथा उस पर कई मंजिला अवैध निर्माण हो गया।

उन्होंने सीईओ से मांग की है कि ऐसे भूमाफियाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए तथा कार्रवाई की जाए।

## पृष्ठ एक के शेष....

**विकसित भारत की ...**

औद्यानिक विशेषज्ञों को मदद के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी किसानों, बागवानों का अभिनंदन करता हूं जो विकास की प्रक्रिया से जुड़कर विकसित भारत की संकल्पना में अपना योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 9 जुलाई को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील प्रदेशवासियों से की। उन्होंने कहा कि हमारे पास 50 करोड़ पौधे हैं जिन्हें अभियान के दौरान लगाया जाएगा।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि हमें आम प्रसंस्करण की यूनिट बढ़ाने की जरूरत है जिससे कि पूरे साल प्रदेश के लोगों को आम मिल सके। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 61 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हो रहा है। प्रदेश के सभी जिलों की जलवायु के अनुसार वहां आम की पौध उपलब्ध कराई जा रही है जिससे हर जिले में उत्पादक बनें। इसके लिए 28 करोड़ पौधे नर्सरी से बंटवाए गए हैं।

प्रदेश में कृषि और उद्यान के लिए क्षेत्रफल लगातार घट रहा है इसलिए उद्यान विभाग की कोशिश है कि ऐसी फसल उपजाई जाए जिसमें कम क्षेत्रफल में अधिक मूल्य मिल सकें। उन्होंने कहा कि जितने क्षेत्रफल में गेहूं 38000 का होता है उतने क्षेत्रफल में 15 लाख की शिमला मिर्च तैयार होती है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि किसानों के उत्पादों को दुनिया के बाजार में कम लागत में पहुंचाने के लिए जेवर एयरपोर्ट तैयार किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट के पास इंटीग्रेटेड टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट पार्क का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसके माध्यम से दुनिया के बाजार के अनुरूप प्रदेश के किसानों के उत्पादों को तैयार किया जाएगा।

**नोएडा प्राधिकरण पहुंचे...**

ने प्राधिकरण के विकास तथा चल रहे कई प्रोजेक्ट के निर्माण को लेकर भी कई दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम, एसीईओ संजय खत्री, ए सीईओ वंदना त्रिपाठी, ए सीईओ सतीश पाल, महाप्रबंधक (जन स्वास्थ्य) एसपी सिंह, महाप्रबंधक (जल एवं सीवर तथा विद्युत व यांत्रिकी) आरपी सिंह, उप महाप्रबंधक (सिविल) विजय रावल, मुख्य वस्तु विद, वित्त नियंत्रक, ओएसडी महेंद्र प्रसाद समेत सभी वर्क सर्कल के वरिष्ठ प्रबंधक मौजूद थे। खबर लिखे जाने तक बैठक चल रही थी। 2.00 के बाद मंत्री नंद गोपाल नंदी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के अफसर के साथ विभागीय समीक्षा बैठक करेंगे।

**आईटी कंपनी के ...**

बात करने के दौरान उसके कार के बराबर में एक स्कॉर्पियो कार आकर रुकी। उसमें से उतरे युवको ने कार में बैठी उसकी महिला मित्र नैंसी से बातचीत की। जिसके बाद वह उनकी कार में जाकर बैठ गई। स्कॉर्पियो से उतरे घिडौली दिल्ली निवासी अंकुश डेढ़ा ,प्रिंस डेढ़ा व उनके साथी ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान उसके गले से आरोपियों ने सोने की चेन तोड़ ली। बेसबॉल व लाठी से वार कर आरोपियों ने उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान अंकुश डेढ़ा ने अपनी कमर से पिस्तौल निकाल कर उसे जान से मारने के उद्देश्य से उसे पर तान दी सामने से एक गाड़ी आती देखकर तीनों आरोपी उसे अधमरी हालत में छोड़कर अपनी स्कॉर्पियो से फरार हो गए। उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी।

पीड़ित विशेष नागर ने आशंका जताई है कि तीनों लड़के उसकी दोस्त नैंसी के परिचित हैं। क्योंकि इस दौरान ना तो उसने उसे बचाने का प्रयास किया और ना ही पुलिस को फोन किया। पीड़ित का कहना है कि मारपीट में उसकी पसली टूट गई उसने इस मामले में 26 मई को शिकायती पत्र थाने में दिया था। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं कि इसके बाद उसने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की गुहार लगाई थी। पुलिस का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**टीचर को सोशल...**

एडिट वीडियो अपलोड होने से उसकी सामाजिक गरिमा धूमिल हुई है और वह मानसिक रूप से परेशान हो गई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद से उक्त व्यक्ति का पता लगाने का प्रयास कर रही है जिसने फोटो को एडिट कर अनुचित वीडियो बनाई और उसे सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर वायरल कर दिया।

**रोडरेज में दबंगों ...**

ग्राम गढ़ी समस्तीपुर निवासी सौरभ जैन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने दोस्त विकास व रितिक के साथ सूरजपुर से भंगेल जा रहा था। कच्ची सड़क के पास सुत्याना पार्क के सामने एक कार चालक ने तेजी से उनके सामने से कार को मोड़ दिया जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल बाल बचे। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो गाड़ी में सवार सुनील उर्फ शमीम समय ने अपने साथियों तौफीक, आसिफ, सोहिल, पोपी निसार अमजद फिरोज आदि के साथ मिलकर उसके तथा दोस्तों के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनकी गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सौरभ जैन के मुताबिक इस घटना में उन्हें काफी चोटें आई। उन्होंने इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर...**

लगातार परेशान कर रहा था। वहीं थाना दनकौर के ग्राम नवादा निवासी देवी चरण ने अपने 15 वर्ष के बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवी शरण ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 25 जून की दोपहर को उनका 15 वर्षीय बेटा घर से बिना किसी को बताएं चला गया। उन्होंने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और लापता किशोरिया और किशोर की तलाश की जा रही है।

**ऑस्ट्रेलिया भेजने के ...**

दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा जहां उसे जानकारी मिली कि उसके एयर टिकट कैंसिल हो गई है और उसके वीजा ग्रांट नंबर पर किसी अन्य व्यक्ति का वीजा है। खुद के ठगे जाने का एहसास होने पर वह तुरंत नोएडा स्थित कंपनी के कार्यालय पर गया तो वहां पर वह बंद मिला उसने मोबाइल नंबरों पर फोन कर संपर्क करने का प्रयास किया तो वह भी स्विच ऑफ मिले पीड़ित की शिकायत पर थाना फेस-वन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**एटीएम बूथ पर कार्ड...**

पुलिस का कहना है कि पीड़ित के शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## खास खबर

### टीन शेड गिरने से एक श्रद्धालु की मौत

**छतरपुर** । मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले में बागेश्वर धाम में एक दुखद हादसा हुआ है, जिसमें एक टीन शेड गिरने से एक श्रद्धालु की मौत हुई और आठ लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान 50 वर्षीय श्याम लाल कौशल के रूप में हुई है, जो बस्ती जिले के सिकंदरपुर का रहना वाला। मृतक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मदिन के मौके पर परिवार सहित बागेश्वर धाम दर्शन करने आए थे। यह हादसा गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे दरबार के पास हुआ, जब बारिश से बचने के लिए लोग टीन शेड के नीचे खड़े थे और वह अचानक गिर गया। घायलों को इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन शरद चौरसिया ने बताया कि उनके पास तीन लोग लाए गए थे, जिसमें से एक मृत अवस्था में था, जिसका पोस्टमार्टम हो गया है। एक अन्य मरीज का सीटी स्कैन चल रहा है और उसकी हालत स्थिर है, जबकि बाकी को सामान्य चोटें आई हैं।

### विवाहित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**पूर्व बर्दवान**। पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्दवान जिले के कटवा थाना इलाके में एक विवाहित महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना बुधवार रात की है, जब पीड़िता काटवा अदालत से एक पुराने वैवाहिक विवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के बाद घर लौट रही थी। इसी दौरान पड़ोसी गांव के दो युवकों ने कथित तौर पर उसका अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना पांजोआ गांव के एक पोल्ट्री फॉर्म के पास हुई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बुधवार देर रात ही आरोपितों दुलाल शेख और बजरुल शेख को नतुनग्राम गांव में स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रात करीब साढ़े आठ बजे महिला पांजोआ बस स्टैंड से अपने घर लौट रही थी, तभी रास्ते में उसकी मुलाकात दो परिचित युवकों दुलाल शेख और बजरुल शेख से हुई। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दोनों ने उसे जबरन अंधेरे में एक सुनसान इलाके में ले जाकर पोल्ट्री फॉर्म के पास उसके साथ बलात्कार किया।

### पुलिस ने नशा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**पानीपत**। पानीपत पुलिस ने नूरवाला की धमीजा कॉलोनी में एक नशा तस्कर को 11.4 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव ने बताया कि उनकी टीम बुधवार की शाम को नूरवाला जसबीर कॉलोनी में थी। तभी टीम को सूचना मिली कि धमीजा कॉलोनी निवासी एक युवक बाइक पर सवार होकर भैसवाल की और से मादक पदार्थ लेकर आ रहा है। पुलिस टीम तुरंत भैसवाल गौशाला रोड पर पहुंची तो सामने से एक युवक बाइक पर आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने युवक को बाइक रोकने का इशारा किया तो वह बाइक को छोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान अमित निवासी धमीजा कॉलोनी नूरवाला के रूप में बताई। अमित की तलाशी ली तो उसकी पेंट की जेब में पन्नी से स्मैक मादक पदार्थ बरामद हुआ। बरामद स्मैक का वजन करने पर 11.4 ग्राम पाया गया।

# बारिश का कहर: बह गए 148 घर, 13 शव बरामद, 29 लापता

एजेंसी

**मंडी** । हिमाचल के मंडी जिले में बारिश का जमकर कहर बरश रहा है। जमीन धसने और बादल फटने से यहां भारी नुकसान हुआ है। हालात ये हैं कि बाढ़ के सैलाब में 148 घर तिनके की तरह बह गए और 29 लोग लापता हो गए। इसमें से 13 शव बरामद कर लिए गए हैं जबकि सैकड़ों लोग राहत शिविरों में रात बिताने को मजबूर हैं। जिले के 12 उपमंडलों में कुल मिलाकर 13 लोगों की मौत, 29 लोग लापता और 154 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। कुल 148 मकान, 104 गोशालाएं और 162 पशुओं की मौत की पुष्टि प्रशासन ने की है। मंडी आपदा प्रबंधन ने 2 जुलाई की शाम तक की रिपोर्ट जारी की है। इसमें पूरी जानकारी दी है। थुनाग उपमंडल में सबसे ज्यादा असर



पड़ा और यहां 1 मौत और 11 लापता हैं। थुनाग में 40 मकानों और 30 वाहनों को नुकसान पहुंचा है और 6 पुल टूट गए हैं। प्रशासन की तरफ से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 120 लोग, जीपीएस थुनाग 80 लोग को ठहराया गया है। वहीं, वायुसेना ने यहां से दो गर्भवती महिलाओं को हेलिकॉप्टर से सुरक्षित निकाला है। करसोग उपमंडल में अब लोगों की 2 मौत हुई है और बुधवार को 30 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किया गया। यहा पर 27 मकान, 9 गोशालाएं ध्वस्त हो गई हैं। और 19 पशुओं की भी मौत हुई है। 1 छोटी पुलिया टूट गई है फिलहाल, प्रशासन ने यहां पर 1,23,000 रुपए राहत राशि बांटी है। जिले के धर्मपुर अपमंडल की लौंगणी पंचायत के स्याठी गांव में 17 परिवारों को रेस्क्यू किया गया है। यहां पर 26 मकान, 31 गोशालाएं ध्वस्त हो गए हैं। 76 पशु काल के मुंह में समा गए। यहां पर कांढापतन में लोहे का पुल क्षतिग्रस्त और त्रियाम्बला मंदिर और नयना देवी मंदिर में राहत शिविर में 61 लोगों को ठहराया गया है। गोहर में सियूं और बडा गांव में 6 मौतें अब तक हो चुकी हैं। 1 शख्स लापता है। उधर, बुधवार को 29 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। फिलहाल, यहां पर भी कुदरत के कहर में 18 मकान और 19 गोशालाएं खत्म हो गई हैं। बड़ा गांव के विश्रामगृह में 42 लोगों के रहने की व्यवस्था की गई है।

मंडी प्रशासन ने बताया कि दो दिन के सर्च ऑपरेशन में 13 लोगों के शवर बरामद हो चुके हैं। अब भी मंडी जिले में 29 हैं। बुधवार को 154 लोगों को रेस्क्यू किया गया। प्रशासन के पास अब तक 148 मकानों के टूटने की पुष्टि हो चुकी है। इस दौरान 104 गोशालाएं बह गई हैं और 162 पशुओं की मौत हुई है। 14 पुलों को नुकसान पहुंचा है। फिलहाल, 5 शिविरों में 357 लोग रह रहे हैं। प्रशासन की ओर से सभी उपमंडलों में राहत और बचाव कार्य तेजी से चल रहे हैं। हेलिकॉप्टर, एनडीआरएफ और प्रशासनिक टीमें लगातार प्रयासरत हैं। लोगों से अपील की गई है कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें और किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें। गौरतलब है कि सीएम सुक्खू ने बुधवार को मंडी जिले का हवाई दौरा किया और आसमान से नुकसान का जायजा लिया। मंडी प्रशासन ने बताया कि बल्ह, बालीचौकी, सुंदरनगर, पधर, सरकाघाट और कोटली उपमंडलों में भी मकानों, गोशालाओं और पशुओं को भारी नुकसान पहुंचा है। बल्ह में 4 मकान, 2 गोशालाएं, बालीचौकी में 18 मकान, 13 गोशालाएं, 25 पशु हानि, 2 पुल क्षतिग्रस्त। सुंदरनगर में 7 मकान, 4 गोशालाएं, पधर में 2 मकान, 2 गोशालाएं, लोक भवन में 13 लोग ठहराए गए हैं। सरकाघाट में 2 मकान, 3 गोशालाएं, कोटली: 4 मकान, 23 गोशालाएं टूट गई हें। ख्यमंत्री सेना के हेलीकॉप्टर से सरकाघाट से थुनाग के रैन गलू हैलीपैड पहुंचे, जहाँ उन्होंने प्रभावितों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

# इंडोनेशिया में डूबी नाव, 65 लोग बहे, चार शव मिले

▶ 53 यात्री और 12 क्रू मेंबर थे शामिल

एजेंसी

**बाली**। इंडोनेशिया के बाली शहर के पास भयानक हादसा देखने को मिला है। बुधवार देर रात एक यात्रियों से भरी नाव केएमपी तुनु प्रतम जया डूब गई। यह नाव पूर्वी जावा के केतापंग बंदरगाह से बाली के गिलिमानुक बंदरगाह की ओर रवाना हुई थी, लेकिन आधे घंटे के अंदर ही समंदर की लहरों ने उसे निगल लिया। इस नौका में कुल 65 लोग सवार थे, जिनमें 53 यात्री और 12 क्रू मेंबर शामिल थे। साथ में 22 वाहन भी थे, जिनमें 14 ट्रक शामिल थे। अब तक चार शव बरामद किए जा चुके हैं और 23 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें



से कई को बेहोशी की हालत में समुद्र की लहरों से निकाल कर जिंदा बचाया गया। इंडोनेशिया में नौकाओं से सफर आम बात है, लेकिन सुरक्षा नियमों की अनदेखी अक्सर जानलेवा साबित होती है। सिर्फ पिछले महीने ही बाली तट के पास एक टूरिस्ट बोट पलट गई थी, जिसमें 89 लोगों को बचा लिया गया था। वहीं मई में बेंगकुलु प्रांत में एक लकड़ी की नाव डूबने से 7 पर्यटकों की मौत हुई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बचाव अभियान के दौरान कई एंबुलेंस मौके पर तैनात रहीं और तटीय इलाकों में लोगों की भीड़ अपनों की खबर पाने के लिए जुटी रही। हादसे के बाद से ही नौ बोट्स, जिसमें दो टग बोट्स और दो इनफ्लेटेबल रेस्क्यू बोट्स शामिल हैं लगातार तलाशी अभियान में जुटे हुए हैं। रात के अंधेरे और 2 मीटर तक ऊंची उठती लहरों के बीच राहत टीमों ने हर एक व्यक्ति को बचाने की कोशिश की। मगर अब भी 38 लोग लापता हैं, जिनकी सलामती की दुआ पूरे देश में की जा रही है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि नाव के इंजन में तकनीकी खराबी की जानकारी खुद ऑपरेटर ने दी थी। इसके कुछ देर बाद ही वह डूब गई। इस हादसे की जांच अब जोरों पर है।

### माली में तीन भारतीयों का अपहरण

**नई दिल्ली**। भारत ने माली में अपने तीन नागरिकों के अपहरण पर गहरी चिंता जताई है। माली में आतंकवादी हमले बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिक कायस में डायमंड सीमेंट फैक्ट्री में काम करते थे। 1 जुलाई को फैक्ट्री पर हमला हुआ। इस हमले में उन्हें बंधक बना लिया गया। भारत ने माली सरकार से कहा है कि वह उन्हें सुरक्षित छुड़ाने के लिए जरूरी कदम उठाए। विदेश मंत्रालय ने फिर से कहा है कि वह किडनैप हुए भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है। वह उन्हें और उनके परिवारों को हरसंभव मदद देगी। भारत सरकार इस मामले को बहुत गंभीरता से ले रही है। एमईए लगातार माली सरकार के साथ संपर्क में है। इसके साथ ही एमईए ने माली में रह रहे सभी भारतीयों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

## गढ़चिरौली में खत्म होगा नक्सलवाद : एकनाथ शिंदे

एजेंसी

**मुंबई**। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलवाद खत्म होने की कगार पर है। यह दावा राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नक्सलियों का समर्थन करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। शिंदे ने कहा कि हमारे गृह मंत्री अमित शाह ने 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है और हम उस राह पर हैं। शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में नक्सलवाद का खात्मा करेंगे। जहां भी नक्सलवाद था, वहां अब विकास हो रहा है और नक्सलवाद को खत्म करके हम विकास को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे पहले एक बयान में कहा गया था कि गढ़चिरौली पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर 27 जून को एक संयुक्त अभियान में मोस्ट वांटेड माओवादी कमांडर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति, अंकल उर्फ ??मन्नू सुलगे पल्लो पर महाराष्ट्र सरकार द्वारा घोषित 6 लाख रुपये का इनाम था। इस गिरफ्तारी के साथ, जनवरी 2022 से गढ़चिरौली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए माओवादियों की कुल संख्या बढ़कर 104 हो गई है, जो इस क्षेत्र में जारी नक्सल विरोधी अभियानों की प्रभावशीलता को उजागर करता है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद गरीब आदिवासी क्षेत्रों के लिए एक बड़ी आपदा है, जिसके कारण पिछले 35 सालों में करीब 40,000 लोगों की मौत हुई है और कई विकलांग हो गए हैं।

## पाक के तीन आईएसआई अफसर चोरी-छिपे पहुंचे बांग्लादेश

एजेंसी

**ढाका** । पाकिस्तानी सेना के तीन ब्रिगेडियर जनरल नदीम अहमद, मोहम्मद नदीम तल्हा और सऊद अहमद राव 28 जून को बांग्लादेश की राजधानी ढाका गए थे। यह दौरा सामान्य लगता अगर इन अधिकारियों की पहचान नहीं छिपाई गई होती। ये सभी एमिरेट्स एयरलाइंस की फ्लाइट से यहां पहुंचे और उन्हें सीधे ढाका के एक आलीशान होटल में ठहराया गया। मामला तब गंभीर हुआ जब खुलासा हुआ कि इन अधिकारियों के पासपोर्ट हाल ही में जारी हुए थे। यात्रा दस्तावेजों में उनकी पहचान मेडिकल कोर सदस्य के रूप में दर्ज थी, जबकि पत्रकारों और खुफिया सूत्रों के मुताबिक ये तीनों आईएसआई के ह्यस्पेशल सर्विस ग्रुपह्न से जुड़े हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि बांग्लादेश सरकार ने न केवल इन अधिकारियों का रेड कार्पेट वेलकम किया, बल्कि दक्षिणी क्षेत्र के कॉक्स बाजार में तैनात सेना की 10वीं इन्फैंट्री डिवीजन का दौरा भी करवाया। यह इसलिए भी अहम है, क्योंकि कॉक्स बाजार म्यांमार की सीमा से सटा हुआ इलाका है। इस क्षेत्र में म्यांमार की विद्रोही अराकान आर्मी की गतिविधियां सक्रिय हैं। अराकान आर्मी को हथियार और समर्थन दिए जाने की खबरें पहले भी सामने आ चुकी हैं।

### तलवाड़ा के ओला गांव में ढहे दो भाईयों के घर

**मंडी**। मंडी जिला के गोहर उपमंडल के तहत तलवाड़ा उप गांव ओला में निवासी दो भाईयों के रिहायशी मकान गिर गए। जिसमें जानी नुक्सान न होने के बावजूद लाखों रूपए का नुक्सान हुआ है। स्थानीय निवासी झाबे राम ने बताया कि उनका और उनके भाई टहल दास का एक पुशतैनी मकान और एक पक्का मकान है जो हाल ही में आई आपदा में ढह गया। उन्होंने बताया कि इनका पुश्तैनी मकान जो छह कमरों का था भी ढह गया। इस हादसे में कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ। लेकिन दोनों घरों का सारा सामान तबाह हो गया।

## चीन बना रहा पेंटागन से 10 गुना बड़ा मिलिट्री शहर

▶ ड्रोन उड़ाने तक की इजाजत नहीं

एजेंसी

**बीजिंग**। चीन एक मिलिट्री शहर बनाने की तैयारी कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन बीजिंग के पास गुप्त रूप से एक विशाल सैन्य परिसर बना रहा है जो कि आकार में अमेरिका के प्रसिद्ध पेंटागन से दस गुना बड़ा है। इसे बीजिंग मिलिट्री सिटी कहा जा रहा है। यह बीजिंग शहर से करीब 32 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। इसका क्षेत्रफल करीब 4 किलोमीटर चौड़ा है और इसमें एक डूम्सडे बंकर भी है, जिसे परमाणु युद्ध की स्थिति में कमांड सेंटर के



रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। 2022 में जहां इस क्षेत्र में आवासीय भवन और खुला मैदान था, वहीं 2024 के मध्य तक यह पूरा इलाका साफ कर निर्माण कार्य शुरू किया गया। अब वहां सड़कों और सुरंगों का पूरा नेटवर्क तैयार है। चीन ने इस निर्माण को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है और चीन के दूतावास ने इसे अज्ञात बताया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस इलाके में ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित है। पास के हाइकिंग ट्रेल्स भी बंद कर दिए गए हैं। चीन ने यहां कैमरे या किसी प्रकार की निगरानी को बंद कर रखा है। यह सब कुछ दशार्ता है कि चीन इस परियोजना को पूरी तरह गोपनीय रखना चाहता है। रिपोर्ट में एक पूर्व अमेरिकी खुफिया अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि यह नया सैन्य केंद्र संभवतः चीन के पुराने वेस्टर्न हिल्स कमांड सेंटर की जगह ले सकता है, जो कोल्ड वॉर के समय बनाया गया था। वहीं, विशेषज्ञों का मानना है कि शी जिनपिंग के नेतृत्व में चीन तेजी से अपने परमाणु हथियारों की ताकत बढ़ा रहा है और अगले दशक में यह अमेरिका के बराबर या उससे आगे निकल सकता है। ऐसे में यह नया बंकर और सैन्य परिसर आक्रामकता और बचाव दोनों के लिए रणनीतिक केंद्र बन सकता है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार देना किया बंद

एजेंसी

**कीव**। बीते तीन साल से रूस और यूक्रेन, युद्ध की आग में जल रहे हैं। इस आग में अमेरिका लगातार घी डालता रहा। नतीजा ये हुआ कि दोनो ही देशों को इससे भारी नुकसान हुआ। अब अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार देना बंद कर दिया है। इससे रूस गदगद हो गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने अपने हथियारों के जखीरे की कमी के चलते यूक्रेन को भेजी जा रही मिसाइलों और हथियार की खेप पर अचानक रोक लगा दी है। ये फैसला ऐसे वक्त में आया है जब रूस ने जून में रिकॉर्ड 5,337 ड्रोन यूक्रेन पर दागे हैं। यह एक महीने में अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला है। वाइट हाउस की डिप्टी



प्रेस सेक्रेटरी एना केली ने बयान जारी कर कहा, यह फैसला अमेरिका की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर लिया गया है। हमारी फौज की ताकत आज भी अडिग है। विश्वास न हो तो ईरान से पूछ लीजिए। लेकिन दूसरी ओर यूक्रेन की हालत बेहद नाजुक हो चली है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, हम अमेरिका से हर स्तर पर बातचीत कर रहे हैं, क्योंकि हमें एयर डिफेंस की सख्त जरूरत है। अमेरिका की इस स्टॉक चेक नीति के चलते यूक्रेन को पेट्रियट मिसाइलें, स्टिंगर सिस्टम्स, हेलफायर मिसाइलें, और एफ-16 से छोड़ी जाने वाली एम्स मिसाइलें फिलहाल नहीं मिलेंगी। क्रेमलिन ने बुधवार को इस फैसले का स्वागत किया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने संवाददाताओं से कहा, यूक्रेन को जितने कम हथियार दिए जाएंगे, युद्ध उतना ही खत्म होने के करीब होगा। एक तरफ अमेरिका ने हथियारों की सप्लाई रोकी है तो दूसरी तरफ यूक्रेन को दूसरा झटका भी लगा है। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर कोरिया अब रूस को 30,000 और सैनिक भेजने की तैयारी में है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए दूसरा जत्था रवाना

**जम्मू**। अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का एक और जत्था गुरुवार को जम्मू से घाटी के लिए रवाना हुआ। दूसरे जत्थे में 5246 तीर्थयात्री शामिल हैं, जिन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच जम्मू के कैनाल रोड स्थित भगवती नगर से घाटी के लिए भेजा गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि सेना के जवानों ने हमें बहुत अच्छे से भगवती नगर तक पहुंचाया। केंद्र सरकार और जम्मू कश्मीर सरकार की ओर से जो सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, वो बहुत अच्छी हैं। दूसरे जत्थे में कुछ ऐसे भी तीर्थयात्री हैं, जो पहली बार अमरनाथ यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने भी सुरक्षा के साथ यहां की सुविधाओं की तारीफ की। अधिकारियों ने बताया कि इन तीर्थयात्रियों में से 1993 यात्री बालटाल बेस कैंप जा रहे हैं।

## दक्षिण पूर्व रेलवे की दो नई रेलवे परियोजनाओं को स्वीकृति

एजेंसी

**कोलकाता** । रेल मंत्रालय ने दक्षिण पूर्व रेलवे की दो नई रेलवे परियोजनाओं के कार्य को स्वीकृति प्रदान की है। यह तीसरी रेल लाइन परियोजना 6.41 किलोमीटर लंबी होगी और इसे 157.86 करोड़ की लागत से निर्मित किया जाएगा। खड़गपुर-निमपुरा रिसेप्शन यार्ड हावड़ा-मुंबई एवं हावड़ा-चेन्नई उच्च घनत्व नेटवर्क मार्ग पर स्थित है। निमपुरा रिसेप्शन यार्ड और खड़गपुर जंक्शन के बीच तीसरी लाइन के पूरा होने पर, आदित्यपुर-खड़गपुर तीसरी लाइन परियोजना पूरी हो जाएगी। इससे



गोकुलपुर और आद्रा से आने वाली मालगाड़ियों की देरी कम होगी और माल यातायात की गति बढ़ेगी। यह नई रेल लाइन परियोजना 12.33 किलोमीटर लंबी होगी और इसे 224.44 करोड़ की लागत से निर्मित किया जाएगा। प्रस्तावित परियोजना खड़गपुर स्टेशन के निकट है, जो कि हावड़ा-मुंबई एवं हावड़ा-चेन्नई उच्च घनत्व नेटवर्क मार्ग पर स्थित एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। कलाईकुंडा-निमपुरा वेस्ट आउटर-गोकुलपुर के बीच यह नई कनेक्टिविटी बनने से इस खंड की वर्तमान क्षमता में वृद्धि होगी और इससे ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी।

# चीन बना रहा ग्रेफाइट बम, यह किसी भी देश की तोड़ देगा रीढ़

▶ युद्ध से पहले ही दुश्मन को आत्मसमर्पण करने पर कर देगा मजबूर

एजेंसी

**बीजिंग**। चीन एक ऐसा बम बनाने की तैयारी कर रहा जिसने सभी को चिंता में डाल दिया है। यह ऐसा बम है जो धमाका नहीं करता, बल्कि चुपके से किसी भी देश की रीढ़ तोड़ सकता है। इस बम को ग्रेफाइट बम नाम दिया गया है, जो बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से पंगु बना सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इसके पीछे की सोच है युद्ध से पहले ही दुश्मन को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर करना। रिपोर्ट के मुताबिक इस बम का एक एनीमेशन वीडियो जारी हुआ इसमें जमीन से एक



मिसाइल छोड़ी गई, जिससे 90 छोटे-छोटे गोले निकलते हैं। ये छोटे गोले हवा में बारीक कार्बन फिलामेंट छोड़ते हैं, जो आसपास के बिजली ग्रिड को शॉर्ट सर्किट कर 10,000 वर्ग मीटर से ज्यादा क्षेत्र में बिजली सप्लाई को ठप कर देते हैं। इस एनीमेशन वीडियो में इस बम के तकनीकी डिटेल नहीं दी गई है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह हथियार अमेरिका की तरफ इराक और कोसोवो में इस्तेमाल किए गए ग्रेफाइट बम की तरह है। इसका अनुमानित रेंज 290 किलोमीटर और वारहेड का वजन 490 किलोग्राम बताया गया है, जिससे यह ताइवान के संवेदनशील पावर सबस्टेशनों पर सटीक हमलों के लिए उपयुक्त माना जा रहा है। इस बम को दिखाने का समय और उसका सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन करना अपने आप में एक संदेश है। भले ही चीन ने इसे आधिकारिक रूप से तैनात नहीं किया हो, लेकिन इस क्षमता का प्रचार ताइवान पर दबाव डालने का प्रयास है। 2023 की रिपोर्ट के हवाले से चीन के खतरनाक प्लान का खुलासा हुआ है। इसमें विश्लेषकों ने कहा था कि ताइवान की रक्षा तीन स्तंभों पर टिकी है। बुनियादी ढांचा, आर्थिक स्थिति और जनता का मनोबल। चीन अगर इन तीनों को बिजली कटौती और अफरा-तफरी के जरिए कमजोर कर देता है, तो उसे पारंपरिक युद्ध की जरूरत ही नहीं रहेगी। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक ताइवान की बिजली व्यवस्था मुख्य रूप से तीन ट्रांसमिशन चोकप्वाइंट्स पर निर्भर है, जो देश के दक्षिणी हिस्से से बिजली को उत्तर में मौजूद शहरी केंद्रों तक ले जाती है। अगर इन बिंदुओं पर एकसाथ हमला होता है खासकर किसी तूफान या चुनाव के समय तो इस बात की 99.7 फीसदी संभावना है कि उत्तर ताइवान में करीब पूर्ण ब्लैकआउट हो जाएगा। ग्रेफाइट बम, महज एक हथियार नहीं, बल्कि युद्ध को जीतने की चीन की नई परिभाषा है। एक ऐसी लड़ाई लड़ना, जो बंदूकें उठाने से पहले ही विरोधी को घुटनों पर ला दे। जब बम गिरने से पहले अंधेरा छा जाए, तो लड़ाई शुरू होने से पहले ही खत्म हो जाएगी।

## कमला हैरिस बनेगी कैलिफोर्निया की गवर्नर, सर्वे में मिली बढ़त

एजेंसी



**कैलिफोर्निया**। अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अगर 2026 में कैलिफोर्निया की गवर्नर की दौड़ में उतरती हैं तो उन्हें पहले से ही मजबूत जन समर्थन हासिल है। यह दावा यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, इरविन के स्कूल ऑफ सोशल इकोलॉजी द्वारा जारी एक नए सर्वे में किया है। कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक प्रत्याशियों में 24 फीसदी वोटरों का समर्थन मिला है। दूसरे स्थान पर रियल एस्टेट कारोबारी रिक कारुसो हैं, जिन्हें सिर्फ 9 फीसदी समर्थन मिला। 40 फीसदी मतदाता अभी अपना मत तय नहीं कर पाए हैं।

मीडिया रिपोर्ट में एक अनाम रिपब्लिकन के खिलाफ हैरिस को 41 फीसदी समर्थन मिलता दिख रहा है। वहीं 29 फीसदी मतदाता रिपब्लिकन के पक्ष में हैं, 16फीसदी ने अपना स्टैंड अभी साफ नहीं किया है। 14 फीसदी वोटर वोट नहीं देंगे। कमला हैरिस ने अभी तक आधिकारिक रूप से चुनाव लड़ने की घोषणा नहीं की है, लेकिन वह जुलाई-अगस्त के अंत तक निर्णय लेने की तैयारी में हैं। उन्होंने अपने पुराने समर्थकों से बातचीत शुरू कर दी है। कुछ लोग 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी हार को देखते हुए संकोच में हैं।



# बारिश के मौसम में रोज खाएं 1 चम्मच शहद

**शहद गुणों की खान होता है। इसका इस्तेमाल कई तरीकों से किया जाता है। क्या आप जानती हैं कि अगर मानसून में आप रोज एक चम्मच शहद खाएंगी, तो इससे आपको अनगिनत फायदे मिल सकते हैं।**


मानसून में कई बीमारियों का खतरा रहता है। बदलते मौसम के बीच, बुखार, जुकाम, सिरदर्द, जोड़ों का दर्द और डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें काफी आम रहती हैं। ऐसे में सेहतमंद रहने के लिए डाइट पर खास ध्यान देना चाहिए। बारिश में सही खान-पान बहुत जरूरी है ताकि इम्यूनिटी मजबूत बनी रहे। जहां इम्यूनिटी कमजोर होने पर बीमारियां जल्दी घेर लेती हैं। वहीं, इम्यूनिटी मजबूत होने पर इंफेक्शन्स का खतरा कम रहता है। सेहतमंद रहने के लिए, बारिश में डाइट में कई खास चीजों को शामिल करना चाहिए। आयुर्वेद मानसून में रोज 1 चम्मच शहद खाने की सलाह देता है। जी हां, अगर मानसून में आप रोज एक चम्मच शहद खाएंगी, तो इससे आपको अनगिनत फायदे मिल सकते हैं। इसे खाने का सही तरीका और इसके फायदों के बारे में आयुर्वेदिक डॉक्टर से जानते हैं।

## बारिश के मौसम में शहद खाने के फायदे

- शहद का सेवन करने से इम्यूनिटी मजबूत होती है और कई बीमारियों से बचाव होता है।
- इससे सर्दी-खांसी और जुकाम से बचाव में भी मदद मिलती है।
- शहद में प्रीबायोटिक गुण होते हैं। रोजाना 1 चम्मच शहद खाने से मानसून में होने वाली पाचन संबंधी दिक्कतों में आराम मिलता है।
- अगर आप वजन कम करना चाहती हैं, तो भी शहद का सेवन पायदेमंद रहता है।
- शहद में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह मौसमी बीमारियों और इंफेक्शन्स को दूर करता है।
- रोजाना 1 चम्मच शहद खाने से कमजोरी दूर होती है और शरीर को ताकत मिलती है।

## शहद खाने का सही तरीका

- शहद को आप मानसून में कई तरीकों से डाइट में शामिल कर सकती हैं।
- वजन कम करने के लिए 1 चम्मच शहद को पानी में मिलाकर खाएं।
- खांसी को दूर करने के लिए रात को 1 चम्मच शहद काली मिर्च के साथ खाएं।
- मानसून में 1 चम्मच शहद में सोंठ यानी सूखी अदरक का पाउडर मिलाकर खाना भी फायदेमंद रहता है।



# आपका शरीर आपको देता है दिल की बीमारी का संकेत

**दिल की बीमारी शुरू होने से पहले शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते हैं। एक्सपर्ट से जानें वो कौन से हैं और आप उन्हें कैसे पहचान सकते हैं।**

हमारा शरीर किसी भी तरह की बीमारी के शुरू होने से पहले हमें कुछ संकेत देता है जो ये बताते हैं कि कहीं कोई बीमारी तो शुरू नहीं हो रही है। दरअसल, कई बार हम गंभीर लक्षणों को भी नजरअंदाज़ कर देते हैं और ये सोचते हैं कि ये लक्षण आम हैं। पर हमें ये ध्यान रखना चाहिए कि शरीर के बहुत जरूरी अंग जैसे दिल, किडनी, लिवर आदि हमें बीमारी से पहले कुछ न कुछ संकेत जरूर देते हैं। कुछ समय पहले हमनें आपको दिल की बीमारी के संकेतों के बारे में बताया था और अब हम आपको दिल की बीमारी के कुछ संकेतों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### इनडायजेशन या पेट का दर्द

कई बार अचानक इनडायजेशन या पेट का दर्द शुरू होता है और ये लगातार बना रहता है। ऐसा भी हो सकता है कि किसी-किसी दिन एक-दो बार आपका पेट खराब रहे, लेकिन ये भी हो सकता है कि लगातार कई दिनों तक ये समस्या बनी रहे जबकि आपकी डाइट आदि में कोई बदलाव न आया हो। अगर ऐसा कुछ हुआ है तो आपको ये ध्यान रखना होगा कि आप डॉक्टर से चेकअप जरूर करवा लें। महिलाओं में ये समस्या पुरुषों की तुलना में ज्यादा होती है। ये लक्षण उन्हें पहले दिखता है।

### बार-बार चक्कर आना

आपको ऐसा अगर बार-बार लग रहा है कि आपको चक्कर आ रहा है। माइंड कंट्रोल नहीं है और बार-बार ये लगे कि आप बस अब बेहोश हो जाएंगे तो ये चिंता का विषय है और दिल की बीमारी का एक लक्षण भी। कुछ मामलों में ये नर्वस सिस्टम की खराबी या बैकबोन या ब्रेन क्लॉटिंग को भी दर्शाता है, लेकिन अगर दिल की बीमारी शुरू होने वाली है तो उसका एक लक्षण ये हो सकता है। चाहें कोई भी कारण हो ये बिलकुल सही नहीं होता और इसे इग्नोर करना सेहत के साथ खेलने जैसा है। अगर आपको ऐसा कोई लक्षण दिख रहा है तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### बहुत ज्यादा थकान बनी रहना

अगला लक्षण थकान का होता है। थकान ऐसी नहीं कि बहुत काम कर लिया तो थक गए बल्कि थकान ऐसी की आप ये भी न समझ पाएं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। दिन भर का काम करना भी मुश्किल रहे और ज़रा सा उठने-बैठने पर आप हांफने लगें। ऐसे में आपका दिल आपको इशारा कर रहा है कि अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें और डॉक्टर से संपर्क करें।

### अचानक खर्राटे लेकर सोना

कई बार लोगों को साइनस की वजह से या फिर नाक के आकार की वजह से खर्राटे आते हैं, लेकिन अगर आपको इनमें से कोई समस्या नहीं है और अचानक खर्राटे शुरू हो गए हैं तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### पैर, एड़ियों और तलवों का सूझ जाना

पैरों में लगातार सूजन का बना रहना किडनी और दिल दोनों की बीमारी का संकेत माना जा सकता है। जब हमारा दिल अच्छे से ब्लड पंप नहीं कर पाता है तो इन अंगों तक सही तरह से खून भी नहीं पहुंच पाता है। ऐसे में सूजा-सूजा महसूस होता है और आपके पैरों के तलवों और एड़ियों, पैरों और तलवों पर ब्लोटिंग होने लगती है। ऐसे में अगर आपको लगता है कि पैरों में लगातार सूजन बनी हुई है तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

### दिल की धड़कन और पल्स रेट का बढ़ना और गिरना

आपके दिल की धड़कन आपको ये बता सकती है कि दिल की बीमारी शुरू हो रही है या नहीं। पल्स रेट का अचानक बढ़ना, गिरना ये भी इस बात का अंदेशा दे सकता है। आपको अचानक घबराहट होना और दिल का तेज़ी से धड़कना। अगर किसी चीज़ से डर गए हैं, बहुत ज्यादा दौड़ लिए हों, बहुत एक्साइटेड हों तो ये नॉर्मल है, लेकिन अगर आप सामान्यत- जैसे बैठते हैं वैसे बैठे हैं और अचानक घबराहट, पसीना और दिल की धड़कन का असमान्य हो जाना दिखता है तो ये लक्षण सही नहीं है।

### कुछ अन्य लक्षण

- इनके अलावा दिल की बीमारी के कुछ अन्य लक्षण भी दिखते हैं जैसे-
- सीने में दर्द
- बार-बार सांस फूलना
- बार-बार हाथ या पैर का सुन्न हो जाना या वीक हो जाना
- लेफ्ट आर्म में दर्द और उसका सुन्न होना
- अपर एब्डॉमिन या बैक में दर्द होना
- ऐसा कोई भी असामान्य लक्षण अगर आपको दिख रहा है तो बेहतर होगा कि आप अपने डॉक्टर से सलाह लेने में देरी न करें। ध्यान रखें कि कभी-कभी कुछ खाने-पीने, दौड़ने-भागने, डरने या फिर बीपी के ऊपर-नीचे होने की वजह से भी ऐसे लक्षण होते हैं, लेकिन आपको अगर ऐसे लक्षण लगातार बने हुए हैं तो डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।



बरसात के मौसम में चिकनगुनिया का जोखिम भी बढ़ जाता है। यह मच्छरों से होने वाली बीमारी है। आइए जानते हैं इसके लक्षण

# बरसात में बढ़ जाता है चिकनगुनिया का जोखिम

बरसात के मौसम में वायरल संक्रमण का खतरा काफी बढ़ जाता है। डेंगू, मलेरिया के साथ ही चिकनगुनिया का भी जोखिम बढ़ जाता है। यह बीमारी चिकनगुनिया वायरस मच्छर के कारण होती है। इंफेक्टेड मादा मच्छर एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस के काटने से कोई भी व्यक्ति इससे संक्रमित हो जाता है। यह बीमारी आमतौर पर अफ्रीका, अमरिका, एशिया, यूरोप, भारत के देशों के लोगों को ज्यादा प्रभावित करती है। आपको बता दें कि यह संक्रमण पहली बार 1952 में पूर्वी अफ्रीका में देखा गया था। संक्रमित मच्छर के काटने के 3 से 7 दिनों के बाद इसके लक्षण नजर आने लगते हैं जो की खुद ब खुद भी ठीक हो जाते हैं लेकिन बच्चे , बुजुर्ग या कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों में यह गंभीर रूप ले सकता है। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में ब्लड ट्रांसफॉर्मेशन के जरिए होता है। आइए नजर डालते हैं इसके लक्षणों पर

### चिकनगुनिया के लक्षण

- सिर दर्द
- जोड़ों में दर्द
- थकान
- चक्कर आना
- लिम्फ नोड्स में संवेदनशीलता
- उल्टी
- मांसपेशियों में दर्द
- चेहरे पर चकते

### क्या है इसका इलाज

एक्सपर्ट बताते हैं की इस मच्छर जनित बीमारी का पता लगाने के लिए साधारण सा ब्लड टेस्ट किया जाता है। बता दें कि चिकनगुनिया से बचाव के लिए किसी भी तरह की वैक्सीन और इलाज नहीं है। आराम, तरल पदार्थ और ओवर द काउंटर दर्द और बुखार की दवाओं से इसके लक्षणों को कम करने में मदद मिल सकती है।



# बरसात में क्यों बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द?

बारिश का मौसम सुहावना जरूर होता है लेकिन जरूरी नहीं है कि हर किसी के लिए सुकून भरा हो, कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनके लिए यह मौसम आफत बन जाता है। इस मौसम में खूब सारी समस्या होने लगती है। अक्सर जॉइंट पेन की शिकायत बढ़ जाती है। आइए जानते हैं कि आखिर बारिश के मौसम में जोड़ों का दर्द क्यों बढ़ जाता है? और यह समस्या किन लोगों को परेशान करती है। इसको लेकर हमने एक्सपर्ट से बात की।

### बरसात में क्यों बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द?

एक्सपर्ट बताते हैं कि मानसून के मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है। वातावरण में नमी का स्तर बढ़ जाता है इससे जॉइंट स्टिफ हो जाते हैं, खासकर समस्या उन लोगों होती है जिनकी हड्डियां कमजोर होती है। मौसम में ठंडापन होने के कारण लोग पानी का सेवन कम कर देते हैं,इससे फ्लूड की कमी हो जाती है। इसके कारण भी जोड़ों का दर्द बढ़ने लगता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि वायुमंडल में पाए जाने वाले एयर प्रेशर को बैरोमेट्रिक दबाव कहा जाता है, मानसून में यह दबाव कम हो जाता है,तो शरीर के टिशू और मांसपेशियों में सूजन और दर्द बढ़ जाता है। कम तापमान के कारण टिशू ,मांसपेशियों जोड़ों में दर्द और ऐंठन हो सकता है। जिन लोगों को पहले कभी चोट लगी हो या गठिया की समस्या है उन्हें दर्द झेलना पड़ सकता है। इस दर्द से बचने का सबसे प्रभावी तरीका है की आप इस मौसम में शारीरिक गतिविधि करते रहें और शरीर को हाइड्रेट रखें।

# सोते या आराम करते समय घटाएं वजन, ये टिप्स आएंगे काम



आपने शायद इसके बारे में सुना हो कि नींद लोगों के लिए कितनी जरूरी होती है। नींद न सिर्फ हमारे थके हुए शरीर और दिमाग को आराम देने के लिए जरूरी है बल्कि इसके कारण हमारे शरीर के कई फंक्शन्स पूरे होते हैं। उदाहरण के तौर पर शरीर के सभी मसल्स रिपेयर होते हैं, स्किन केयर के लिए ये समय सही होता है, शरीर का मेटाबॉलिज्म प्रोसेस इस समय सही से काम करता है। ऐसे में आपका शरीर नींद में भी वजन लूज कर सकता है पर उसके लिए आपको अपने शरीर को तैयार करना होगा।

### स्लीप साइकल पर ध्यान देना जरूरी है

ज्योति जी के मुताबिक ये कई लोगों के साथ होता है कि उन्हें क्वालिटी की जगह क्वांटिटी की चिंता होती है। कई बार आपने देखा होगा कि किसी दिन 12-13 घंटे सोने के बाद अगले दिन आप बहुत थका हुआ फील करते हैं, लेकिन वहीं 6-7 घंटे की क्वालिटी स्लीप आपके लिए अच्छी साबित होती है। नींद में हमारे शरीर में कई तरह की गतिविधियां होती हैं और शरीर का मेटाबॉलिज्म और सभी तरह की रिपेयर प्रक्रिया सही से काम करे इसके लिए आपको क्वालिटी स्लीप लेनी है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि क्वांटिटी स्लीप के मुकाबले हमेशा क्वालिटी स्लीप अच्छी होती है। ऐसा लाइफस्टाइल के कारण होता है। एक अच्छी स्लीप साइकल ही आपके वेट लॉस को प्रमोट करेगी।

### हेल्दी डाइट और डिनर का टाइम

वेट लॉस के लिए पहले आपको अपने शरीर को तैयार करना होगा। इसके लिए दिन भर में हेल्दी डाइट जरूरी है। एक तरह से देखा जाए तो यहां भी क्वालिटी और क्वांटिटी वाला फंडा आता है। ये जरूरी नहीं कि आप हेल्दी डाइट लेने के लिए बिलकुल कम खाएं या फिर एक समय पोहा-स्प्राउट्स आदि खाने के बाद दूसरे समय छोले-टिक्की, पकोड़े, बर्गर आदि खा लें। आप चीट डाइट ले सकते हैं, लेकिन वो कभी-कभी होना चाहिए। साथ ही नींद में आपका मेटाबॉलिज्म ठीक रहे उसके लिए आपको रात में सोने से करीब 2-3 घंटे पहले खाना खा लेना होगा। ऐसा करने से आपके खाने को डायजेस्ट होने के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है। सोने से जस्ट पहले अगर आप खाते हैं तो शरीर अपनी पूरी एनर्जी सिर्फ खाने को डायजेस्ट करने में ही लगा देगा। ये नींद में आपके मसल रिपेयर या वेट लॉस के काम पर असर नहीं करेगा।

### सोने से पहले सारे गैजेट्स को बंद कर दें

ये शुरुआत में थोड़ा मुश्किल होगा पर धीरे-धीरे सब ठीक होने लगेगा। ये टिप बहुत जरूरी है अगर आप क्वालिटी नींद चाहते हैं तो। फोन और गैजेट्स के कारण हमारा दिमाग डिस्ट्रैक्ट होता है और इसलिए ये सही नहीं होता कि हम अपनी नींद में इनकी वजह से खलल डालें। अगर आप ये स्टेप फॉलो करेंगे तो खुद ही समझ आ जाएगा कि कितनी अच्छी तरह से आपको नींद आ रही है। हां, ये जरूर है कि शुरुआत में आपको इससे थोड़ी दिक्कत होगी और बार-बार मन करेगा कि आप अपना फोन या लैपटॉप देख लें पर ऐसा नहीं करना ठीक है।

### रात में प्रोटीन बहुत जरूरी है

अच्छी नींद और रात में भूख न लगे, बार-बार नींद न टूटे, खाना सही डायजेस्ट हो और साथ ही साथ शरीर अपने रेगुलर काम जैसे सेल रिपेयर आदि ठीक से करे। वैसे तो आप रात में प्रोटीन शेक भी पी सकते हैं, लेकिन हल्दी वाला दूध, थोड़े से नट्स आदि इस काम को बखूबी कर सकते हैं। रात को सोने से पहले ये लें ताकि आपको बार-बार मिडनाइट हंगर की समस्या न हो। जब आप सोते हैं तो आपकी सारी मसल्स रिकवर होती हैं और इस काम में प्रोटीन आपकी मदद करता है।

### मेडिटेशन करेगा मदद

आप स्ट्रेचिंग या मेडिटेशन आदि सोने से पहले कर सकते हैं। ये न सिर्फ आपकी नींद को बेहतर करेगा बल्कि इसके कारण आपका मेटाबॉलिज्म प्रोसेस भी सही होगा। आप मेडिटेशन, ब्रीदिंग एक्सरसाइज, स्ट्रेचिंग आदि कुछ भी कर सकते हैं जो आपको ठीक लगता है। दिमाग की शांति के लिए भी ये बहुत अच्छा साबित हो सकता है।




# चिरंजीवी की विश्वम्भरा की रिलीज में वीएफएक्स के कारण देरी

**तेलुगु सिनेमा के मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म विश्वम्भरा पिछले दो साल से बन रही है। इस फिल्म का निर्देशन युवा डायरेक्टर वशिष्ठ कर रहे हैं, जिन्होंने बिम्बिसार जैसी हिट फिल्म बनाई थी।**

## रिलीज में देरी क्यों?

अभी तक फिल्म की रिलीज डेट तय नहीं हुई है, जिससे चिरंजीवी के फैंस निराश हो गए हैं। फिल्म की देरी के कई कारण बताए जा रहे हैं। फिल्म के पोस्ट-थियेट्रिकल (ओटीटी) सौदे अभी फाइनल नहीं हुए हैं। साथ ही, शूटिंग भी पूरी नहीं हुई है। निर्देशक वशिष्ठ ने बताया कि देरी का मुख्य कारण फिल्म में भारी मात्रा में वीएफएक्स (विजुअल इफेक्ट्स) का काम है।

## वीएफएक्स के कारण देरी

वशिष्ठ ने एक इंटरव्यू में कहा, विश्वम्भरा में करीब 4,800 वीएफएक्स शॉट्स हैं। कई कंपनियां दिन-रात ग्राफिक्स को बेहतर बनाने में जुटी हैं। यह तेलुगु सिनेमा में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर वीएफएक्स का काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य दर्शकों को सिनेमाघर में शानदार अनुभव देना है। विश्वम्भरा एक काल्पनिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें चिरंजीवी के साथ तृषा कृष्णन नजर आएंगी। फिल्म का संगीत एमएम कीरवानी ने तैयार किया है। कुछ अफवाहें थीं कि टीजर रिलीज के बाद फिल्म को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा, जिससे चिरंजीवी नाराज हो गए और उन्होंने ग्राफिक्स को पूरी तरह बदलने का आदेश दिया। लेकिन वशिष्ठ ने इन खबरों को गलत बताया और कहा कि देरी का कारण सिर्फ वीएफएक्स का काम है। इस बीच, चिरंजीवी ने अनिल रविपुडी के निर्देशन में एक नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जो विश्वम्भर से पहले रिलीज हो सकती है।



# पांच साल बाद जब स्पेशल ऑप्स के सेट पर आईं सैयामी खेर

बॉलीवुड एक्ट्रेस सैयामी खेर इन दिनों स्पेशल ऑप्स सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह साल 2020 में आए स्पेशल ऑप्स का सीक्वल है। एक्ट्रेस ने पांच साल बाद स्पेशल ऑप्स के सेट पर लौटने का अनुभव शेयर किया। उन्होंने कहा कि इतने समय बाद पुराने सेट पर लौटना उनके लिए घर लौटने जैसा था। सैयामी खेर ने बताया कि जब वह पांच साल बाद फिर से स्पेशल ऑप्स के सेट पर लौटीं, तो ऐसा लगा जैसे वह फिर से अपने पुराने घर में आ गई हों। पुराने साथी कलाकारों से मिलकर और अपने किरदार को दोबारा निभाकर सभी यादें वापस आ गईं। उन्होंने कहा, पांच साल बाद स्पेशल ऑप्स के सेट पर लौटना मेरे लिए भावुक और यादगार था। मुझे पुराने सीन्स के शूट और टीम के साथ बिताए अच्छे पल सब याद आ गए। सैयामी ने आगे कहा, नीरज पांडे सर और के. के. मेनन के साथ दोबारा काम करना उनके लिए सीखने का बेहतरीन मौका रहा। दोनों ही अपनी कहानी कहने की कला में शानदार हैं, जिससे उन्हें और मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर जासूसी वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स के दूसरे पार्ट में सैयामी फिर से अपना पुराना किरदार निभाती नजर आएंगी। वहीं के.के. मेनन हिम्मत सिंह के रोल में नजर आएंगे। इस सीजन में करण टैकर, विनय पाठक, मेहर विज, मुजम्मिल इब्राहिम, ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज भी अहम किरदार निभाते दिखेंगे। नीरज पांडे की यह वेब सीरीज 11 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। स्पेशल ऑप्स 2 की कहानी डिजिटल जंग की दुनिया पर आधारित है। यह एआई के गलत इस्तेमाल पर बनी सीरीज है, जो दिखाती है कि नई टेक्नोलॉजी जहां एक तरफ वरदान है, तो दूसरी तरफ यह कितनी खतरनाक भी है।



# पैपराजी कल्चर पर भड़कीं सोनाक्षी सिन्हा

सोनाक्षी सिन्हा खुलकर अपने नजरिए को सोशल मीडिया के जरिए या फिर इंटरव्यू के माध्यम से सामने रखती हैं। हाल ही में सोनाक्षी ने पैपराजी को लेकर बात की। उन्होंने सेलिब्रिटीज की जिंदगी में पैपराजी के बढ़ते दखल पर बात की है, इस बात को क्रिटिसाइज किया है। साथ ही बॉडी शेमिंग जैसे सब्जेक्ट को लेकर भी सोनाक्षी ने खुलकर मन की बात साझा की है।
पैपराजी पर नाराज दिखीं सोनाक्षी हालिया बातचीत में सोनाक्षी कहती हैं, 'सोशल मीडिया क्या बन चुका है? पैपराजी कल्चर कैसा हो गया है? आप बिना फोटो खिंचवाए किसी अंतिम संस्कार में भी नहीं जा सकते हैं। यह बात मुझे अजीब लगती है। यह सब एक लिमिट के बाद अनदेखा करना पड़ता है। लेकिन इस चीज की आदत डालने में थोड़ा समय लग सकता है।'

## बॉडी शेमिंग पर भी बोलीं

पैपराजी कल्चर के अलावा सोनाक्षी ने बॉडी शेमिंग के मुद्दे पर भी बात की है। दरअसल, एक्ट्रेस ने कई बार इसका सामना किया है, उन्हें बॉडी वेट के कारण ट्रोल भी होना पड़ता है। मगर सोनाक्षी का नजरिया अपनी हेल्थ, बॉडी के लिए बदल चुका है। वह कहती हैं, 'मैंने अपने पूरे करियर में एक प्रैक्टिकल तरीका अपनाया, मैं ऐसी शख्स बनना चाहती थी जो हेल्दी हो। मैं फैंस के लिए भी यही मिसाल पेश करना चाहती थी।' पहले 27 जून को सोनाक्षी की फिल्म 'निकिता रॉय' रिलीज होने वाली थी। फिर फिल्म 'मां' और 'कन्नप्पा' के साथ टकराव से बचने के लिए सोनाक्षी की फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया। अब यह फिल्म 18 जुलाई को रिलीज होगी।

## क्या है निकित रॉय की कहानी

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'निकिता रॉय' एक सुपरनेचुरल, थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में वह एक जासूस का रोल निभा रही हैं। सोनाक्षी के किरदार का मकसद एक गुरु (परेश रावल) का पर्दाफाश करना है। वह गुरु लोगों को भूत-प्रेतों से छुटकारा दिलाने का दावा करता है। इस फिल्म में अर्जुन रामपाल भी एक अहम किरदार निभा रहे हैं।

# आइटम सॉन्ग को लेकर हुमा कुरैशी का खुलासा



हुमा कुरैशी अक्सर गंभीर भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, लेकिन उनका कहना है कि लोग उन्हें केवल ऐसे किरदारों तक सीमित क्यों करते हैं। हाल ही में हुमा मालिक के गाने दिल थाम के में नजर आईं। यह फिल्म उनके लिए एक नया मौका है। एक खबर के मुताबिक, हुमा हमेशा से हर तरह की भूमिकाएं निभाना चाहती हैं। हुमा का कहना है कि, कुछ गाने भी होते हैं जो बहुत से पुरुषों के नजरिए वाले गाने होते हैं। जहां आप जानते हैं कि महिलाओं को वस्तु के रूप में पेश किया जा रहा है, और यह किसी उद्देश्य से किया जा रहा है। और एक महिला के रूप में, आपको यह एहसास होता है कि गलत जगह आ गई। हुमा ने आइटम सॉन्ग को लेकर आगे कहा, लोग मुझे गंभीर किरदारों में बांध देते हैं। मैं सोचती हूं कि यह नियम किसने बनाया? मैं गंभीर भी कर सकती हूं और ग्लैमरस भी।
हुमा का मानना है कि कुछ गाने महिलाओं को गलत तरीके से पेश करते हैं, जिससे उन्हें असहजता होती है। लेकिन अगर गाना महिला की खूबसूरती और आत्मविश्वास का जश्न मनाता है, तो इसमें कोई बुराई नहीं। मालिक में उनके डांस नंबर को वे ऐसा ही मानती हैं, जो उनकी कामुकता और आकर्षण को खूबसूरती से दिखाता है।



# शादी करने जा रहे हैं करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश, कृष्णा अभिषेक ने किया कन्फर्म?

टीवी के सबसे चहेते कपल्स में शुमार करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। फैंस जहां लंबे समय से दोनों की शादी का इंतजार कर रहे हैं, वहीं अब रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स 2 में कुछ ऐसा हुआ जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या अब वाकई तेजरन शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं?
लोगों को हंसाने वाला शो लाफ्टर शेफ्स 2 अब अपने अंतिम चरण में है। हाल ही में इस शो का एक नया प्रोमो सामने आया जिसमें गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पंडितों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। एपिसोड में जहां सभी कंटेस्टेंट्स खास व्यंजन बना रहे थे, वहीं कृष्णा अभिषेक का एक मजाकिया सवाल शो में चर्चा का विषय बन गया। प्रोमो में देखा गया कि कृष्णा अभिषेक ने पंडितों से कहा कि ये करण हैं अब शादी करने जा रहा है। जिसपर पंडित जी ने कहा कि शादी के बिना जीवन अधूरा है। इसके बाद कृष्णा मजाक करते हुए फिर कहते हैं कि अगर एक शादी से जीवन अधूरा है, तो क्या तीन-चार कर लेनी चाहिए? इसपर पंडित जी ने हंसते हुए जवाब दिया कि शादी केवल एक बार होनी चाहिए। कृष्णा के इस सवाल-जवाब के बाद सेट पर मौजूद सभी हंसने लगे, लेकिन फैंस ने इसे तेजरन वेडिंग हिंट के तौर पर लेना शुरू कर दिया है।

## फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं

प्रोमो के रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर फैंस ने जमकर रिएक्शन दिए। किसी ने लिखा, 'तेजरन की शादी जल्द होनी चाहिए', तो किसी ने उन्हें 'परफेक्ट कपल' बताते हुए नजर न लगने की दुआ की। फैंस अब करण और तेजस्वी से जल्द ऑफिशियल अनाउंसमेंट की उम्मीद कर रहे हैं।

## करण-एल्विश की जोड़ी बनी विनर?

वहीं अगर शो के फिनाले की बात करें, तो रिपोर्ट्स के मुताबिक करण कुंद्रा और यूट्यूबर एल्विश यादव इस सीजन के विजेता बने हैं। इनके बाद अली गोनी और रीम शेख को सेकेंड पोजिशन मिला, जबकि राहुल वैद्य और रुबीना दिलैक तीसरे स्थान पर रहे। शो को जज किया शेफ हरपाल सिंह सोखी ने और होस्टिंग की भारती सिंह ने।



## क्या शादी की ओर बढ़ रहे हैं तेजरन?

भले ही अभी तक करण और तेजस्वी की शादी को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इस शो में हुई इस बात ने एक बार फिर उनके रिश्ते को लेकर उम्मीदें जगा दी हैं। फैंस को अब बस उसी पल का इंतजार है जब ये जोड़ी अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत करेगी।



# परेश रावल की 'हेरा फेरी 3' में वापसी पर बोले सुनील शेट्टी

दर्शक बहुत ही बेसब्री से 'हेरा फेरी 3' का इंतजार कर रहे हैं। पिछले कुछ वक्त से फिल्म लगातार चर्चा में भी बनी हुई है। हालांकि, बीच में दर्शकों को तब निराशा हाथ लगी जब परेश रावल ने फिल्म से खुद को बाहर कर लिया। इसके बाद उनके और अक्षय कुमार के बीच लीगल एक्शन से लेकर काफी कुछ हुआ। लेकिन अब जब परेश रावल ने फिर से फिल्म में वापसी की पुष्टि की है। तब से फैंस एक बार फिर राजू, बाबू भैया और श्याम की तिकड़ी के रूप में अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी को देखने के लिए बेताब हैं। अब श्याम यानी कि सुनील शेट्टी ने परेश रावल के फिल्म में फिर से वापसी को लेकर बात की और अपनी प्रतिक्रिया दी है।

## आपको हंसाएगी 'हेरा फेरी 3'

साई सफर यूट्यूब चैनल से बातचीत के दौरान सुनील शेट्टी ने परेश रावल के 'हेरा फेरी 3' में फिर से वापस आने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं भी सुन रहा हूं कि फाइन-ट्यूनिंग हो चुकी है। अब रिलीज के बाद ही इस पर बात करूंगा। उससे पहले हेरा फेरी के बारे में बात ही नहीं करूंगा। फिल्म के बारे में बताते हुए एक्टर ने कहा, हेरा फेरी 3 अपने मेन प्लॉट पर ही कायम रहेगी। एक ऐसी फिल्म है जिसे हर कोई एक साथ देख सकता है और बिना किसी चिंता के हंस सकता है। यह पहले के दो पार्ट की तरह ही एक फैमिली एंटरटेनर फिल्म होगी, जो आपको सिर्फ हंसाएगी और आप बिना किसी झिझक के अपने पूरे परिवार के साथ इसे एंजॉय कर सकते हैं।

## फैमिली एंटरटेनर है हेरा फेरी

'हेरा फेरी' फ्रेंचाइजी के बारे में बात करते हुए सुनील शेट्टी ने कहा कि ये परिवार की फिल्म है। शायद वो एक फिल्म है जहां आप सब मिलके एक साथ देख सकते हैं। अगर एक बार आप टीवी चालू कर देते हैं तो उसके बाद आपको टेंशन लेने की जरूरत नहीं है, शरमाने की जरूरत नहीं है। आपको पता है कि लोग सिर्फ हंसने ही हंसने वाले हैं। इसे टीवी या मोबाइल पर छिपाकर देखने की कोई जरूरत नहीं है। इसमें परिवार से छिपाने वाली कोई चीज नहीं है।

## परेश रावल ने खुद दी 'हेरा फेरी 3' में वापस आने की जानकारी

'हेरा फेरी 3' छोड़ने की जानकारी देने के कुछ हफ्तों बाद परेश रावल ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में इस बात की जानकारी दी थी कि वो फिल्म में फिर से वापस आ गए हैं और 'हेरा फेरी 3' अब बन रही है। परेश रावल ने अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और प्रियदर्शन की तारीफ करते हुए कहा था कि कोई विवाद नहीं है। जब लोग किसी चीज से इतना प्यार करते हैं, तो उनका कर्तव्य बन जाता है कि वे और अधिक मेहनत करें। सब साथ में आएं, मेहनत करें और कुछ नहीं। अब सब ठीक हो गया है। अक्षय, प्रियदर्शन और सुनील शेट्टी मेरे वर्षों पुराने अच्छे दोस्त हैं।



# 'ग्रामीण इलाकों में जलभराव रोकने के लिए ड्रेन की सफाई तेज करें'

## जेवर विधायक और डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बरसात के मौसम में जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव जैसी समस्या उत्पन्न ना हो इसको लेकर विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग एवं प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए प्रमुख जल निकासी नालों की सफाई कार्यो की प्रगति समीक्षा की।

बैठक में यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों ने अवगत कराया की नगला हुकुम सिंह ड्रेन की साफ सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी प्रकार सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने तीरथली ड्रेन के कार्यों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया कि 7.40 किलोमीटर लंबी इस ड्रेन का साफ सफाई एवं मरम्मत कार्य प्रगति पर है।

विधायक जेवर ने रबूपुरा एवं हिरनोती ड्रेन के साफ सफाई एवं मरम्मत कार्यों को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि इन दोनों ड्रेन के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर लेते हुए पूरा करने का काम करें। सिंचाई विभाग द्वारा अवगत कराया गया की हिरनौती ड्रेन का सफाई कार्य विभाग द्वारा कराया जा रहा है।




जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग एवं प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए बरसात से पूर्व सभी मरम्मत एवं साफ सफाई के कार्यों को पूरा करें। जिलाधिकारी ने इस दौरान नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों से कहा कि आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सड़कों का मरम्मत कार्य योजना बनाते हुए समय से पूरा करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राज्यसभा अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय सिंह, यमुना प्राधिकरण के ओएसडी शैलेंद्र, प्रबंधक बीपी सिंह, यशपाल सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग नीरज त्यागी, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग अशोक जैन तथा NHAI के अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसान-मजदूरों की अस्मिता बचाने का लिया संकल्प : अशोक भाटी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** फरीदाबाद के अनगपुर गांव में घर गिराने की घटना के बाद भारतीय किसान यूनियन ने नोएडा के हरौला गांव में एक महत्वपूर्ण पंचायत का आयोजन किया। भाकियू ने इस मुद्दे को लेकर जोरदार विरोध जताया। पंचायत में किसान-मजदूरों की अस्मिता बचाने का लिया संकल्प लिया गया।

हरौला के ग्रामवासियों ने पंचायत में बिजली, पानी, सीवर सफाई और पार्क-बारातघर जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को उठाया। जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने इन समस्याओं को नोएडा प्राधिकरण के समक्ष उठाकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया।



अशोक भाटी ने अनगपुर फरीदाबाद प्रकरण पर कहा कि यह सिर्फ एक घर गिराने की बात नहीं है, यह हमारी पहचान, अस्मिता और विश्वास को मिटाने की साजिश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई अब पूरे एनसीआर की है और जल्द ही शीर्ष नेतृत्व से मिलकर अनगपुर के समर्थन में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

पंचायत का नेतृत्व भाकियू गौतमबुद्ध नगर जिलाध्यक्ष अशोक भाटी ने किया, अध्यक्षता चौधरी गिरिराज सिंह ने की और संचालन विपिन प्रधान ने किया। पंचायत में एनसीआर अध्यक्ष परविंदर अवाना, दादरी जिलाध्यक्ष मनोज मावी, सिंहराज गुर्जर, संजय फौजी, अनिल अवाना, विपिन तंवर समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

# छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में



जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने जनपद के सभी मान्यता प्राप्त माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, छात्रवृत्ति नोडल अधिकारियों एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इस योजना के अंतर्गत अल्पसंख्यक वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राएं www.scholarship.up.gov.in पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शासन द्वारा जारी एकीकृत समय-सारणी के अनुसार शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर डाटा में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन आवेदन 01 जुलाई 2025 से 05 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा, जबकि छात्र-छात्राएं 02 जुलाई 2025 से 30 अक्टूबर 2025 तक अपना पंजीकरण एवं आवेदन कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि नियमावली के अनुसार कक्षा 10 में अध्ययनरत नवीनीकरण के छात्रों हेतु संस्था स्तर से केवल कक्षा 10 में प्रवेश की तिथि तथा कक्षा 09 का परीक्षा परिणाम अंकित करते हुए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा, वहीं कक्षा 12 में अध्ययनरत नवीनीकरण के छात्रों हेतु संस्था स्तर से केवल कक्षा 12 में प्रवेश की तिथि तथा गत वर्ष कक्षा 11 का परीक्षा परिणाम अंकित करते हुए आवेदन अग्रसारित किया जाएगा।

# स्कूलों को मर्ज करने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महानगर कांग्रेस कमेटी नोएडा द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के 5000 प्राइमरी एवं माध्यमिक स्कूलों को मर्ज करने के छात्र, अभिभावक व शिक्षक विरोधी निर्णय के ख़िलाफ़ सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय सैक्टर 19 पर प्रदर्शन करके गूँगी बहरी सरकार को जगाने के लिए हुंकार भरी गयी।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार युवाओं, छात्रों और बेरोजगारों के प्रति पूरी तरह उदासीन रवैया अपनाये हुए है और यह सरकार उन्हें हर तरह से प्रताड़ित करने का कुत्सित प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राइमरी एवं माध्यमिक स्कूलों को मर्ज करने का जो निर्णय लिया है यह पूरी तरह से युवा, छात्र और बेरोजगार विरोधी निर्णय है।

प्रदेश सचिव पुरूषोतम नागर ने कहा कि जिस दिन उत्तर प्रदेश में यह सरकार विदा होगी और कांग्रेस पार्टी की सरकार



बनेगी ये सभी अलोकतांत्रिक निर्णय वापिस लिए जायेंगे।

अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय सचिव लियाकत चौधरी ने कहा कि स्कूलों का मर्जर तो बहाना है बेरोज़गारी को छिपाना है, नए रोज़गार देना बंद करना सरकार का असली मकसद है।

महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन के साथ ही महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित एक ज्ञापन भी सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से प्रेषित किया।

प्रदर्शन के दौरान वरिष्ठ नेता फिरे सिंह नागर,स्टेट कॉर्डिनेटर सोशल मीडिया पवन शर्मा, हापुड़ प्रभारी सतेंद्र शर्मा, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौतम अवाना, राजकुमार भारती, संजय तनेजा , यतेंद्र शर्मा, ललित अवाना, रामकुमार शर्मा, विक्रम चौधरी, राहुल पांडेय, उदयवीर यादव, ईश्वर कुमार, सुल्तान बिधूड़ी, मधुराज, वीरो देवी, पंकज वाल्मीकि, बच्चू यादव, जगपाल चौहान, सतीश पांचाल, अरुण प्रधान सहित दर्जनों अन्य कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब ने कैंसर पीड़ित बच्चों को दी किट



**नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी क्लब आफ नोएडा द्वारा कैंसर पीड़ित 45 बच्चों के लिए उनके दैनिक उपयोग के लिए किट दी गई। किट पाकर बच्चे खासे खुश दिखाई दिए।

क्लब की अध्यक्षा अंशु अग्रवाल, सचिव अल्का चोपडा द्वारा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए सेक्टर-26 मे एक एनजीओ द्वारा संचालित कैंसर पीडित बच्चों को दैनिक उपयोग के लिए किट दी।

उपरोक्त सभी बच्चो का उपचार एम्स नई दिल्ली में चल रहा है। कार्यक्रम मे सालसर ग्रुप के सी एम डी शेषांक अग्रवाल एवं रोटेरियन पिंकी जैन द्वारा उपरोक्त किट दी गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब आफ नोएडा के सदस्य त्रिलोक शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने उपस्थित होकर पीड़ित बच्चों एवं परिवार के सदस्यो का हौसला बढ़ाया।

# धान, बाजरा और गेहूं के लिए बीमा योजना घोषित, 31 जुलाई तक मौका

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के



क्रम में उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ मौसम 2025 में जनपद के कृषकों के लिए बीमा कराने की तिथि 31 जुलाई 2025 है। सभी कृषक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अपनी फसल का बीमा अवश्य कराएं और फसल में होने वाली क्षति के जोखिम से बचे।

उन्होंने बताया कि जनपद में योजना को संचालित करने के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड को नामित किया गया है। खरीफ की फसल में धान एवं बाजरा तथा रबी की फसल में गेहूं की फसल को इस योजना के अंतर्गत अधिसूचित किया गया है।

उन्होंने बताया कि धान की फसल की बीमित धनराशि 84100 रूपये है एवं कृषक अंश के रूप में 02 प्रतिशत (धनराशि रुपए 1682 प्रति हेक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जाएगा। बाजरा की बीमित धनराशि 33600 रूपये है एवं कृषक अंश के रूप में 02 प्रतिशत(धनराशि रुपए 672 प्रति हेक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जाएगा तथा गेहूं की फसल की बीमित धनराशि 86500 रूपये एवं कृषक अंश के रूप में 1.5 प्रतिशत (धनराशि रुपए 1297.50 प्रति हेक्टेयर) प्रीमियम बैंक द्वारा लिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह योजना जनपद के सभी ऋणी व गैर ऋणी कृषकों के लिए लागू होगी। ऋणी कृषकों के लिए यह योजना स्वेच्छिक है एवं ऋणी/अऋणी कृषक 31 जुलाई 2025 तक अपनी धान व बाजरे की फसल का बीमा बैंक एवं जन सेवा केंद्र के माध्यम से करा सकते हैं। फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सूखने के लिए रखी गयी फसल को ओलावृष्टि/चक्रवात/चक्रवाती वर्षा/बेमौसम वर्षा से क्षति की स्थिति में कृषक को 72 घंटे के अंदर भारत सरकार के फसल बीमा टोल फ्री नंबर 14447 अथवा क्रॉप इंश्योरेंस ऐप के माध्यम से आपदा घटित होने की सूचना देना अनिवार्य है। इस योजना के संबंध अन्य किसी भी सहायता के लिए कृषक जिला प्रबंधक फसल बीमा गौतम बुद्ध नगर से मोबाइल नंबर 7906769211 पर संपर्क कर सकते हैं।

